mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-170 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना

20 जून 2024 गुरुवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



टी20 वर्ल्ड कप...

@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा में कांग्रेस को झटका, एमएलए किरण चौधरी बीजेपी में शामिल

- बोलीं-व्यक्ति सेंट्रिक हुई पार्टी, कोई बराबर आए तो उसे खत्म कर देते हैं

**रेवाड़ी/चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा के पूर्व सीएम चौधरी बंसीलाल की पुत्रवधू व भिवानी के तोशाम से एमएलए किरण चौधरी और उनकी पूर्व सांसद बेटी श्रुति चौधरी ने बुधवार को दिल्ली जाकर बीजेपी जॉइन कर ली। हरियाणा के पूर्व सीएम व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और सीएम नायब सैनी ने बीजेपी नेताओं के साथ उनका स्वागत किया। इस मौके



पर केंद्रीय मंत्री खट्टर ने कहा, मेरा परिचय बहन किरण जी से उस समय से है जब हम बंसीलाल जी के साथ मिलकर काम करते थे। उनका शरीर कांग्रेस में रहा होगा, लेकिन मन इनका हमेशा बीजेपी में रहा है। सीएम नायब सैनी ने कहा, मैं पार्टी के अध्यक्ष होने के नाते भी किरण चौधरी और श्रुति चौधरी का स्वागत करता हूं। एक विश्वास दिलाता हूं कि प्रदेश और पार्टी का मुखिया होने के नाते किरण और श्रुति चौधरी को बीजेपी में परिवार की तरह मिलाकर हरियाणा को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। श्रुति चौधरी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर भाजपा में आई हूं।

### तिहाड़ में ही रहेंगे केजरीवाल, नहीं मिली जमानत

- दिल्ली की कोर्ट ने 3 जुलाई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कथित शराब घोटाले के आरोप में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर राउज एवेन्यू कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने सीएम केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक के लिए बढ़ा दी है। इससे पहले कोर्ट ने दिल्ली की आबकारी नीति में कथित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में जेल में बंद अरविंद केजरीवाल को जमानत देने से इनकार कर दिया था। बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत तो नहीं दी थी, बल्कि उनकी न्यायिक हिरासत 19



जून तक बढ़ा दी थी। न्यूज एजेंसी के अनुसार बुधवार को न्यायिक हिरासत खत्म होने पर अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने सीएम केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ा दी। शराब घोटाले के केस की जांच कर रही केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने कोर्ट में दाखिल आरोप पत्र में कहा था कि राजधानी में शराब के व्यापार में निवेश करने की एवज में पंजाब के व्यापारियों से भी रिश्वत ली गई थी। उसने यह भी कहा था कि आप शासित पंजाब के उन व्यापारियों को शराब कारोबार में निवेश नहीं करने दिया गया, जिन्होंने रिश्वत नहीं दी थी।

# नालंदा सिर्फ नाम नहीं पहचान है, एक सम्मान है

- पीएम मोदी बोले- किताबें भले जल जाएं, ज्ञान नहीं मिटता

**यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का किया उद्घाटन,सीएम रहे साथ**



**नालंदा (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 1749 करोड़ रुपए से बने नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन किया। उन्होंने 21 मिनट तक कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के बाद पहले 10 दिनों में ही नालंदा आने का मौका मिला है। यह मेरा सौभाग्य तो है ही, मैं इसे भारत की विकास यात्रा के एक शुभ संकेत के रूप में देखता हूं। नालंदा केवल एक नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। कार्यक्रम में सीएम नीतिश कुमार ने कहा कि पुरानी सरकार बात नहीं सुनती थी। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के लिए कई बार उन्होंने अनुरोध किया था।

### नीतिश ने मोदी की उंगली देखी, फिर कुछ बात हुई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के दौरे पर थे। राजगीर में उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर देखे और नए कैंपस का उद्घाटन किया। इस मौके पर एक दिलचस्प वाकया हुआ। मंच पर मुख्यमंत्री नीतिश कुमार अचानक प्रधानमंत्री मोदी का हाथ पकड़कर कुछ देखने लगे। पीएम ने



मुस्कुराते हुए उनसे बात की और उनके सवाल का जवाब दिया। ये देखकर प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात एसपीजी के जवान भी उनकी तरफ देखने लगे। मंगलवार को नीतिश कुमार एक बार फिर से अपने पुराने अंदाज में नजर आए थे।

### अयोध्या राममंदिर में गोली लगने से जवान की मौत

- माथे पर लगी गोली, परिसर की सुरक्षा में तैनात था

**भाई बोला- मामले की जांच हो**

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में राम मंदिर की सुरक्षा में तैनात जवान की गोली लगने से मौत हो गई। घटना बुधवार सुबह 5.25 बजे की है। जवान का नाम शत्रुघ्न विश्वकर्मा (25) है। सूत्रों ने बताया कि घटना के समय जवान कोटेश्वर मंदिर के सामने बन रहे वीआईपी गेट के पास तैनात था। यहां से राम मंदिर का मुख्य हिस्सा महज 150 मीटर की दूरी पर है। घटना के समय शत्रुघ्न के पास और भी जवान तैनात थे। गोली जवान के सिर में सामने से माथे (ललाट) पर लगी है। साथी सुरक्षाकर्मी तुरंत उसे अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने जवान को मृत घोषित कर दिया। मंदिर परिसर में जवान की मौत से हड़कंप मच गया। आईजी और एसएसपी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल की जांच की। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया।

## हादीपोरा में दो आतंकी ढेर, सेना को मिली बड़ी सफलता

- एक जवान घायल,दो दिन पहले बांदीपोरा में मारा गया था कमांडर



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच एनकाउंटर जारी है। यहां के हादीपोरा इलाके में दो आतंकी मारे गए हैं, जबकि स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का एक जवान घायल हुआ है। हादीपोरा में पुलिस और सेना की जॉइंट टीम ने आतंकियों को ढूंढने के लिए एक सर्च ऑपरेशन जारी किया था। जैसे ही सुरक्षाबल आतंकियों की छिपने की संदिग्ध जगह तक पहुंचे, आतंकियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। इससे पहले सोमवार की सुबह बांदीपोरा में सुरक्षाबलों ने आतंकी कमांडर उमर अकबर लोन उर्फ जाफर को मार गिराया। वो पट्टन का रहने वाला था। इलाके में 2 से 3 आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। उनकी तलाश के लिए सेना का ऑपरेशन जारी है। अरागाम के जंगलों में रविवार को फायरिंग की आवाज सुनाई दी। इसके बाद सेना और पुलिस ने सर्चिंग की।

## बीजेपी विधायक से बोले पटनायक ओह, तो आपने मुझे हरा दिया

- कांटाबांजी सीट गंवाई, सीएम माझी समेत पूरे सदन ने खड़े होकर पूर्व मुख्यमंत्री को सम्मान दिया



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा में नवनिर्वाचित विधायकों का मंगलवार को शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस दौरान खास नजारा देखने को मिला। पूर्व सीएम व बीजेडी प्रेसीडेंट नवीन पटनायक का सामना भाजपा के लक्ष्मण बाग से हुआ। तभी पटनायक ने बाग से कहा, ओह, आपने मुझे हरा दिया। उनके ये कहते ही वहां खड़े सभी लोग हंसने लगे। नवीन पटनायक ने ओडिशा विधानसभा चुनाव में दो सीटों से चुनाव लड़ा था। इसमें से बोलांगीर जिले की कांटाबांजी सीट पर उन्हें हार सामना करना पड़ा। भाजपा नेता लक्ष्मण बाग ने 16334 वोट से पटनायक को हराया है। बाग को 90876 वोट मिले, वहीं पटनायक को 74532 वोट मिले।

## युवक की पीट-पीटकर हत्या के बाद बवाल

**यूपी के अलीगढ़ में पथराव, बाजार बंद, छह घंटे तक दोनों समुदाय आमने-सामने**




**अलीगढ़ (एजेंसी)।** अलीगढ़ में एक घर में पकड़े गए युवक की पीट-पीटकर हत्या के बाद बवाल हो गया। युवक के दूसरे समुदाय का होने के कारण दो समुदाय आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में पथराव के बाद बाजार बंद हो गए। करीब छह घंटे तक दोनों समुदाय आमने-सामने रहे और पुलिस प्रशासन के अधिकारी माहौल को शांत करने में लगे रहे। अतिसंवेदनशील सब्जी मंडी चौराहा इस दौरान रण क्षेत्र बना रहा। आरोपी पक्ष के इलाके में लोगों ने घर के बाहर पलायन के पोस्टर भी लगा दिए और जमकर नारेबाजी की। मारे गए फरीद के शव को कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस ने किसी तरह सुपुर्द-ए-खाक कराया। इस दौरान कई मार्गों पर मृतक व पीड़ित पक्ष के लोगों ने जाम लगा दिया। सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। पीड़ित पक्ष की मांग थी कि गैर इरादतन हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि सड़क से खींचकर गली में ले गए और पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। शहर के अति व्यस्त रहने वाले मामूभांजा इलाके में मंगलवार देर रात कपड़ा व्यापारी के घर में घुसे युवक को चोर के शक में लोगों ने बुरी तरह पीट दिया। सूचना दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और युवक को अस्पताल ले गई।

## गिरिराज बोले-मुसलमान मुझे भी वोट नहीं करते

**सांसद देवेशचंद्र के समर्थन में कहा-उन्होंने दिल की बात कही, मैं 2014 से झेल रहा**

**सीतामढ़ी (एजेंसी)।** सीतामढ़ी से जेडीयू सांसद देवेश चंद्र ठाकुर के यादव-मुस्लिम वाले बयान पर बिहार में घमासान छिड़ गया है। इस बीच केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने उनका समर्थन किया है। गिरिराज ने कहा कि देवेश चंद्र ठाकुर ने दिल की बात कह दी है। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी वर्गों के लिए काम करते हैं, लेकिन मुसलमान मुझे भी वोट नहीं देते हैं। ये 2014 से मैं झेल रहा हूं। दूसरी ओर सीतामढ़ी से पूर्व सांसद अर्जुन राय ने जेडीयू सांसद देवेश चंद्र ठाकुर के बयान को पूर्व सांसद अर्जुन राय ने अमर्यादित बताया है। अर्जुन राय ने खेद जताते हुए कहा कि गलती से सीतामढ़ी की जनता ने सांप को दूध पिलाने का काम किया है। वह सांप अब अपना असली रूप दिखाने लगा है। दरअसल, सांसद देवेश चंद्र का एक



वीडियो सामने आया था, जिसमें वे यह कहते नजर आ रहे हैं कि अब वे यादव और मुसलमानों के लिए कोई काम नहीं करेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक, उन्होंने यह बात सीतामढ़ी में रविवार को आभार यात्रा के दौरान कही थी।

# पीएम मोदी जिसे चुनेंगे वही होगा लोकसभा अध्यक्ष

**बीजेपी के सहयोगी दलों का भाजपा को पूर्ण समर्थन**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव से पहले, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने सत्ताधारी गठबंधन में आम सहमति बनाने की कोशिश कर रही है। बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने अध्यक्ष पद के लिए विभिन्न सहयोगियों से बातचीत की है। बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए के छोटे से छोटे सहयोगियों से भी चर्चा की गई है। बता दें कि भाजपा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में सबसे बड़ी पार्टी है। सूत्रों के हवाले से लिखा है कि एनडीए गठबंधन के सहयोगियों ने भाजपा द्वारा लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए नामित किए जाने वाले उम्मीदवार को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है। एक सूत्र ने बताया, अध्यक्ष पद उम्मीदवार के लिए सहयोगी दलों से सुझाव मांगे गए हैं। हालांकि, अधिकांश सहयोगी दलों ने किसी खास व्यक्ति को प्राथमिकता या पसंद नहीं दी है।



भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को यह बता दिया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए एकजुट बना रहेगा और लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर जो भी फैसला पीएम मोदी लेंगे वह सभी दलों को मान्य होगा। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने गठबंधन सहयोगियों को यह भी बता दिया है कि वे गठबंधन के किसी एक सहयोगी को उपसभापति का पद देने के लिए इच्छुक हैं।

## प्रणब मुखर्जी के बेटे का टीएमसी से हुआ मोहभंग

- खुद की पार्टी पर बोला हमला,कहा-टीएमसी की कार्य संस्कृति ठीक नहीं

**कोलकाता (एजेंसी)।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे और टीएमसी नेता अभिजीत मुखर्जी जल्द कांग्रेस में वापसी कर सकते हैं। उन्होंने टीएमसी पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं। अभिजीत मुखर्जी ने पार्टी की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा का टीएमसी की कार्य संस्कृति कांग्रेस से बिल्कुल मेल नहीं खाती है। मैंने सोचा कि अब बहुत हो गया। दिल्ली आने के बाद मैंने कांग्रेस आलाकमान से समय मांगा है।



अभिजीत मुखर्जी ने कहा कि अगर कांग्रेस आलाकमान जल्द कांग्रेस ज्वाइन करने को कहेगा तो वह शामिल हो जाएंगे। अभिजीत मुखर्जी ने कहा कि 2019 का चुनाव हारने के बाद कांग्रेस में मुझे एक खास व्यक्ति और ग्रुप ने उन्हें हाशिए पर डाल दिया गया। कुछ लोगों के कारण मैं चुनाव हार गया। इस बारे में खुलकर कुछ नहीं कह पाऊंगा। आलाकमान को इसकी पूरी जानकारी है। अभिजीत ने कहा कि इसी दौरान ममता दीदी ने मुझे बुलाया।



# अबकी दिन ही नहीं रातें भी तप रहीं...

## 1951 के बाद सबसे भीषण गर्मी,यूपी-बिहार के हाल बेहाल

**भीषण गर्मी से तप रहा देश का बड़ा इलाका, कई की गई जान**

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रचंड गर्मी से देश का आधा हिस्सा झुलस रहा है। दिन में चिलचिलाती धूप के साथ लू के थपेड़ों ने आम लोगों की मुश्किलें पहले ही बढ़ा रखी हैं। अब तो रातें भी बुरी तरह से तप रही हैं। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, 1951 के बाद इस साल सबसे ज्यादा गर्मी पड़ रही। सबसे ज्यादा प्रभाव उत्तर-पश्चिम भारत के 50 फीसदी से ज्यादा हिस्सों में दिख रहा। आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल की प्रचंड गर्मी ने देश भर में लाखों लोगों के लिए कष्टकारी परिस्थितियां पैदा कर दी हैं।



उत्तर-पश्चिम भारत के कम से कम 50 फीसदी हिस्सों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में शायद अब तक की सबसे लम्बी गर्मी पड़ रही है। देश के उत्तर, पूर्व और उत्तर-पश्चिम में पड़ रही यह गर्मी इसलिए बेहद कष्टकारी है, क्योंकि रात के समय भी तापमान असामान्य रूप से बढ़ रहा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के वैज्ञानिक इसे 'गर्म रातें' कह रहे, जिसके गवाह आम लोग बन रहे हैं। वैज्ञानिकों और डॉक्टरों का कहना है कि दिन और रात के समय हाई टेम्प्रेचर से ऐसी परिस्थितियां पैदा हो गई हैं, जो शरीर पर अत्यधिक गर्मी का प्रभाव डालती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एमपी के खिलाड़ी अंकित कुशवाह और प्रशिक्षक आरिफ भारतीय टीम में चयनित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ब्रिक्स गेम-2024 के अंतर्गत ब्रेकिंग प्रतियोगिता 22 और 23 जून को मास्को में होगी। प्रतियोगिता के लिये 6 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की गई है। इसमें चयनित खिलाड़ियों में मध्यप्रदेश के ब्रेकिंग खिलाड़ी बी-बॉय ऐंटिक (अंकित कुशवाह) और प्रशिक्षक फ्लाइंग मशीन (आरिफ) शामिल हैं। भारतीय टीम में चयनित मध्यप्रदेश के सदस्यों को मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने बधाई दी है। मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिये यूएएस के प्रख्यात प्रशिक्षक श्री करीम को विशेष प्रशिक्षण देने के लिये आमंत्रित किया गया था। श्री करीम ने अब तक 3 चरणों में देश के विख्यात बी-बॉय आरिफ चौधरी के साथ प्रदेश के युवाओं को प्रशिक्षित किया था। भोपाल के बी-बॉय ऐंटीक अंकित कुशवाह का चयन ब्रिक्स गेम-2024 के लिये हुआ है।

### वर्ल्ड बैंक और विभिन्न राज्यों के पशुपालन एवं डेयरी विशेषज्ञ होंगे शामिल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 20 जून को प्रात: 9:30 बजे से होटल कोर्टयार्ड मैरियट भोपाल में किया गया है। कार्यशाला में बर्ड फ्लू से संबंधित वैज्ञानिक परिचर्चा की जाएगी। साथ ही अन्य नई बीमारियों और जुनेटिक डिजीज के परिपेक्ष में भी वन हेल्थ के विषय पर गहन चर्चा की जाएगी। कार्यशाला का आयोजन वर्ल्ड बैंक और पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यशाला में सचिव भारत सरकार पशुपालन एवं डेयरी विभाग, पशुपालन आयुक्त, भारत सरकार, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य शासन सहित असम, उड़ीसा, कर्नाटक, केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र तथा दिल्ली से भी विशेषज्ञ उपस्थित होंगे। साथ ही वर्ल्ड बैंक के विशेषज्ञ, राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग अनुसंधान प्रयोगशाला के वरिष्ठ वैज्ञानिक, राज्यों के पशुपालन एवं डेयरी विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, राष्ट्रीय स्तर की स्वास्थ्य संस्थानों के अधिकारी, वन विभाग तथा वन्य प्राणी विभाग से संबंधित अधिकारी तथा अन्य रोग अनुसंधान प्रयोगशालाओं के अधिकारी आदि उपस्थित रहेंगे।

### हरित चलति वाहन द्वारा फलदार, शोभादार, छायादार एवं औषधीय पौधे प्रदाय किये जायेंगे

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सामाजिक वानिकी वृत्त, भोपाल द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मानसून सीजन में भोपाल तथा आसपास के क्षेत्रों में आम जन-मानस को पौधारोपण के लिये हरित चलित वाहन'' द्वारा भोपाल शहर तथा शहर से लगे क्षेत्रों में चिन्हित स्थान पर पौधों का विक्रय किया जायेगा। वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त भोपाल ने बताया कि पौधों का विक्रय सोमवार को नीलबड़, रातिबड़, नेहरू नगर, कोटरा, भदभदा, अशोका गार्डन, सेमरा, प्रभात पेट्रोल पम्प रायसेन रोड एवं आसपास के क्षेत्रों में, मंगलवार को करोंद, बड़वाई, ईंटखेड़ी, अरवलिया, करांखेड़ा, गुलमोहर, शाहपुरा, त्रिलंगा, चूनाभट्टी एवं आसपास के क्षेत्रों में, बुधवार को आनंद नगर, कल्पना नगर, गोविंदपुरा, खजूरीकला, बागसेवनिया, कटरा हिल्स, 11 मील चौराहा, मण्डीदीप एवं आसपास के क्षेत्र, गुरुवार को गाँधी नगर, कोहेफिजा, लालघाटी, शांति नगर, मिसरोद, रापड़िया, जमुनिया, बंगरसिया एवं आसपास के क्षेत्र और शुक्रवार को कोलार, मंदाकिनी, चीचली बैरागढ़, गेहूँखेड़, बगरोदा, कंकाली मंदिर, सूखी सेवनिया, बैरसिया एवं आसपास के क्षेत्र में इस मानसून सीजन में अपने घर-आँगन, रिक्त भूमि पर पौधों का रोपण करें तथा उनकी देखभाल कर उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित कर पर्यावरण संवर्धन में अपना पूर्ण योगदान दें। वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त भोपाल ने बताया कि सुबह 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक चिन्हित स्थानों पर विक्रय के लिये हरित चलित वाहन में पौधे उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि अहमदपुर एवं भदभदा रोपणियों से भी पौधे क्रय किये जा सकते हैं। पौधे विक्रय की दर 14 रुपये प्रति पौधा निर्धारित है। इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिये मोबाइल नम्बर-9424796469 पर सुबह 11 से शाम 4 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की बैठक हुई

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा प्रदेश में पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को प्रभावी तरीके से लागू करने के उद्देश्य से नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग एवं भारतीय स्टेट बैंक के हाई लेवल डेलीगेशन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मनु श्रीवास्तव ने बैंक अधिकारियों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रस्तावित कार्य योजना से अवगत कराया। श्री श्रीवास्तव ने सौर ऊर्जा संबंधित परियोजनाओं के लिए समुचित वित्तीय व्यवस्था करने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे यह योजना आर्थिक दृष्टि से अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सके। उन्होंने कहा कि बैंक से आसान ऋण की सुविधा हो जाने पर पी.एम. सूर्य घर योजना का क्रियान्वयन समाज के सभी वर्गों में सरल हो सकेगा और प्रदेश में अक्षय ऊर्जा की भागीदारी बढ़ेगी। इस मौके पर स्टेट बैंक मुम्बई से मुख्य जनरल मैनेजर श्रीमती जैसी पॉल, प्रदेश के प्रभारी मुख्य जनरल मैनेजर श्री शर्मा सहित बैंक अधिकारियों की टीम ने योजना की प्रशंसा की और 7 प्रतिशत ब्याज दर पर घरेलू हितग्राहियों को सुलभ ऋण प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक में ऊर्जा सचिव श्री रघुराम राजेन्द्रन, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड श्री अमनवीर सिंह बैंस एवं ऊर्जा निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# अगस्त में 7 लाख कर्मचारियों का 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ा सकती है सरकार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्य सरकार अगस्त में प्रदेश के सात लाख से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत बढ़ा सकती है। लोकसभा चुनाव के पहले यह 42 से बढ़ाकर 46 प्रतिशत किया गया था। वहीं, केंद्र सरकार इस साल जनवरी से 50 प्रतिशत की दर के अनुसार महंगाई भत्ता व राहत दे रही है। प्रदेश में भी अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को इसके अनुरूप ही 50 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। प्रदेश के आगामी बजट में महंगाई भत्ता व राहत के लिए 56 प्रतिशत के हिसाब से प्रावधान रखा जाएगा।



प्रदेश के कर्मचारियों को अभी 46 प्रतिशत महंगाई भत्ता और पेंशनरों को इतनी ही महंगाई राहत मिल रही है। इसे बढ़ाकर केंद्रीय कर्मचारियों की तरह ही करने की मांग कर्मचारी संगठन काफी दिनों से कर रहे हैं, लेकिन अभी बजट प्रावधान नहीं है। वर्ष 2023-24 में 46 प्रतिशत के हिसाब से महंगाई भत्ता देने के लिए विभागों को बजट दिया था, जबकि लोकसभा चुनाव की घोषणा होने से एक दिन पहले यानी 15 मार्च, 2024 को अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों का महंगाई भत्ता 46 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया। ऐसा दूसरी बार किया गया। इसके पहले राज्य के कर्मचारी और अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों का महंगाई भत्ता एक साथ बढ़ाया जाता था। वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि केंद्र सरकार वर्ष में दो बार महंगाई भत्ता व राहत बढ़ाती है। एक बार वृद्धि हो चुकी है और दूसरी जुलाई में प्रस्तावित है। इसे देखते हुए हमने भी तैयारी कर ली है। विधानसभा के बजट सत्र के बाद महंगाई भत्ता 46 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जा सकता है।

## वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हर माह के बिजली कार्मिकों की शिकायतों का होगा समाधान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सभी कार्मिकों की विभिन्न समस्याओं की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से प्रत्येक माह को की जाएगी। यह व्यवस्था इसलिए की गई है कि किसी भी कर्मचारी को कंपनी मुख्यालय में आने की आवश्यकता नहीं पड़े और उनकी समस्याओं का निराकरण उनके कर्तव्य स्थल पर ही हो जाए। इसके लिए कंपनी के क्षेत्रांतर्गत सभी कार्मिक अपनी शिकायत ई-मेल आईडी पर प्रेषित कर सकेंगे। इस पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा, छानबीन, पीजीआर अनुभाग के शिकायत प्रकोष्ठ द्वारा की जाकर संबंधित विभाग से प्रतिउत्तर समय-सीमा में प्राप्त किए जाने के बाद प्रबंध संचालक की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग होगी। इसमें आवेदक को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर देते शिकायत का निराकरण करने की कार्रवाई की जाएगी। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि कार्मिकों एवं उनकी व्यक्तिगत शिकायतों के प्रति कंपनी संवेदनशील है और इस प्रकार की शिकायतों का निराकरण वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिए प्रतिमाह किया जाएगा इससे कर्मचारियों की शिकायतें शून्य हो जाएंगी और कर्मचारियों में कार्य के प्रति स्वस्थ वातावरण निर्मित होगा। प्रबंध संचालक ने कहा है कि आपकी हर समस्या का निदान किया जाएगा और मानवीय दृष्टिकोण तथा प्राकृतिक न्याय और शासकीय नियमों के अंतर्गत शिकायतों का निराकरण तत्काल सुनिश्चित करने की कारगर व्यवस्था की जाएगी। गौरतलब है कि वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से सभी कार्मिकों की उच्च वेतनमान, निलंबन अवधि के वेतन, मेडिकल बिल, विभागीय जांच, लंबित विभागीय कार्रवाई के प्रकरण, कारण बताओ नोटिस आदि शिकायतों का निराकरण किया जाएगा।



## बावड़िया ब्रिज पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनायें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** बावड़ियाकला को होशंगाबाद रोड से जोड़ने वाले बाबूलाल गौर रेलवे ओव्हर-ब्रिज पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जाये। नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, यातायात पुलिस, ब्रिज कॉर्पोरेशन और एमपीईबी के अधिकारी 19 जून को मौका-मुआयना कर यातायात में सुधार के लिये किये जाने वाले कार्यों का प्रतिवेदन दें।

यातायात पुलिस स्मार्ट सिटी के माध्यम से ट्रैफिक सिग्नल स्थापित करायें। यह निर्देश पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिये। बैठक में श्रीमती गौर ने पिपलानी से खजूरीकला निर्माणाधीन मार्ग की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मार्ग में आ रहे बिजली के खम्बों की शिफ्टिंग में हो रहे विलंब पर नाराजगी व्यक्त की। श्रीमती गौर ने कहा कि बिजली खम्बों की शिफ्टिंग अगले एक हफ्ते में किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में नगर निगम, राजस्व, लोक निर्माण विभाग, एमपीईबी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।




# सभी बच्चे अच्छे से पढ़ाई कर माता-पिता के साथ देश और प्रदेश का नाम रोशन करें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा मल्हारगढ़ सीएम राइज स्कूल में स्कूल के प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। स्कूल चलें हम अभियान के तहत यह कार्यक्रम प्रदेश के साथ-साथ सभी जिलों तथा जिलों के प्रत्येक विद्यालय में आयोजित किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने स्कूल में प्रवेश पाने वाले नवीन बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें मंच से ही पुस्तके भी भेंट की। उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य होते हैं। आज प्रवेश उत्सव कार्यक्रम प्रदेश के साथ-साथ जिले में भी मनाया जा रहा है। बच्चों का स्वागत कर स्कूलों में प्रवेश दिलाया जा रहा है। बच्चों का मन सच्चा होता है, उनको जैसा चाहे वैसा गढ़ा जा सकता है, लेकिन यह जिम्मेदारी पालक और शिक्षक की होती है कि उन्हें सही मार्ग दिखाए। सीएम राइज स्कूल के माध्यम से बच्चों को न सिर्फ अच्छा वातावरण मिल रहा है बल्कि बेहतर शिक्षा भी मिल रही है। श्री देवड़ा ने स्कूल में बच्चों को समझाया कि किस तरह शिक्षक की बात मानना चाहिए, किस तरह शिक्षा हमें अच्छे भविष्य की ओर ले जाती है। बचपन सीखने के लिए होता है, इसलिए सभी मन लगाकर अच्छे से पढ़ाई करें। उन्होंने कलेक्टर को भी निर्देश दिये कि सीएम राइज स्कूल में अधिक से अधिक बच्चों का प्रवेश करवाए, जिससे अधिक से अधिक बच्चे निःशुल्क बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सके। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि बहुत जल्द गांधी सागर का पानी मल्हारगढ़ के खेतों तक पहुंचेगा। जल जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर शुद्ध पीने का पानी पहुंचेगा

, इन दोनों योजना के कार्य प्रगति पर है, जल्द ही कार्य पूर्ण हो जाएंगे। मल्हारगढ़ में 50 बिस्तरीय अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने स्कूल परिसर में ही पौधारोपण किया तथा सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आहवान किया।



## शिवराज सिंह चौहान का विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र स्वीकार, बुधनी सीट हुई रिक्त

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** 230 सदस्यीय मध्य प्रदेश विधानसभा की दूसरी सीट मंगलवार को रिक्त हो गई। बुधनी विधानसभा सीट से विधायक शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को सदस्यता से त्यागपत्र दिया था, जिसे मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही विधानसभा सचिवालय ने बुधनी सीट के रिक्त होने की अधिसूचना जारी कर दी। बुदनी से विधायक शिवराज सिंह चौहान को भाजपा ने विदिशा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ाया था। रिकार्ड मतों से विजय के बाद उन्हें मोदी सरकार में केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री बनाया गया है। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने बताया कि उन्होंने विधानसभा के अपने स्थान से त्यागपत्र दिया था, जिसे अध्यक्ष ने स्वीकार कर लिया। इससे यह सीट अब रिक्त हो गई है। अधिसूचना के साथ चुनाव आयोग को इसकी सूचना भेज दी गई है। अब यहां छह माह के भीतर आयोग द्वारा उपचुनाव कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इसके पहले छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक कमलेश शाह ने लोकसभा चुनाव के समय अपने स्थान से त्यागपत्र दिया था। यहां 10 जुलाई को उपचुनाव कराया जा रहा है।



# स्कूल चले हम अभियान प्रतीक है विकास, विस्तार व भविष्य की यात्रा का - मंत्री पटेल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जीवन में शिक्षा ही एक ऐंसी रोशनी है जिससे हम हर अंधेरे से लड़ सकते हैं। आगे चलने का रास्ता शिक्षा के माध्यम से ही जरूरी है। जो संघर्ष के साथ आगे बढ़ते हैं, उनका यश और उनकी सफलताएं बड़ीं और लम्बी होती हैं। स्कूल चले हम अभियान प्रतीक है विकास, विस्तार व भविष्य की यात्रा का। यह बात नरसिंहपुर ज़िले में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कही। मंत्री श्री पटेल ज़िले के सी.एम. राइज विद्यालय एवं धमना जनपद पंचायत के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल चलें हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में मंत्री श्री पटेल द्वारा छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकार, पुष्पहार से स्वागत कर उपहार वितरित किये गये।



शासन द्वारा प्रदत्त निन्शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। उन्होंने नवीन शिक्षण सत्र के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में स्कूल चलें हम अभियान 2024 की शुरुआत की गई है। अभियान के तहत सभी शासकीय विद्यालयों में प्रवेशोत्सव मनाया गया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि स्कूल चलें हम अभियान मात्र एक अभियान नहीं बल्कि विकास का द्वार है।

ऐंसा कहा जाता है कि जब भी कोई एक स्कूल खुलता है तो एक जेल हम बंद करते हैं। शिक्षा का यह अभियान समाज को बेहतर, विकसित व समृद्ध बनायेगा। सभी बच्चे एक साथ सफलता की ऊंचाई प्राप्त करें यही मेरी शुभकामनाएं हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के प्रति सम्मान का भाव सदैव बना रहना चाहिए। गुरु का विद्यार्थियों के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। ये धारणा गलत है कि सिर्फ टॉपर ही सफल होते हैं, जिस दिन आप जागेंगे आपकी ऊर्जा आपको सफलता के मुकाम तक पहुंचायेगी। मंत्री श्री पटेल ने विद्यालय के शिक्षकों एवं उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जो ड्राप आउट बच्चें है उनके घर जाकर संपर्क कर उन्हें स्कूल आने के लिए प्रेरित करें।

पढ़ाई के साथ खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम का हिस्सा अवश्य बनें। उन्होंने विद्यालय के छात्र- छात्राओं के लिए विधानसभा सत्र के दौरान भ्रमण की चर्चा की।

# 10 दिवसीय शारीरिक माप अभियान प्रारंभ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश के आंगनवाड़ी केन्द्रों में जन्म से 6 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के पोषण स्तर निर्धारण के लिये प्रत्येक माह के 10 कार्य दिवस में बच्चों के शारीरिक माप दिवसों का आयोजन किया जाता है। इस दौरान पोषण ट्रेकर एप में पंजीकृत जन्म से 6 वर्ष की आयु वर्ग के समस्त बच्चों का वजन एवं लंबाई/ऊँचाई की सटीकता के साथ माप लिया जाकर एप में प्रविष्टि की जाती है, जिससे बच्चों के पोषण स्तर का निर्धारण किया जाता है। जून माह में 10 दिवसीय शारीरिक माप अभियान के रूप में 18 से 28 जून तक आयोजित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि महिला, बाल विकास मंत्रालय द्वारा माह जून 2024 के लिये पोषण ट्रेकर एप में पूर्व में बच्चों के वजन और लंबाई/ऊँचाई के माप में हुई त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि में उनके वास्तविक माप अनुसार सुधार के लिये विकल्प उपलब्ध कराया गया है। आयुक्त, महिला-बाल विकास श्रीमती सूफिया फारूकी वली ने निर्देश दिये हैं कि शारीरिक माप अभियान के दौरान प्रत्येक पर्यवेक्षक द्वारा अपने क्षेत्र में उन कमजोर प्रदर्शन वाले केन्द्रों में एक-एक दिवस उपस्थित होकर समक्ष में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग से पूर्व माह में चिन्हित सभी कम वजन/ठिगनापन तथा स्रूस्रू बच्चों की सटीकता के साथ वजन तथा लंबाई/ऊँचाई लेकर पोषण ट्रेकर में सही जानकारी की प्रविष्टि सुनिश्चित कराएंगे। प्रत्येक पर्यवेक्षक 10 से 15 केन्द्रों का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तर से उन केन्द्रों का निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए, जिन केन्द्रों में परियोजना अंतर्गत सर्वाधिक कुपोषित बच्चों की संख्या है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से पर्यवेक्षक द्वारा विशेषकर उन बच्चों की सूची तैयार की जाये, जिनकी विगत माहों में वजन और लंबाई/ऊँचाई के माप में पूर्व में त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि हुई हो, वर्तमान में सही माप ली जाकर उसकी प्रविष्टि पोषण ट्रेकर एप में सुनिश्चित कराई जाए। श्रीमती फारूकी ने कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन और पर्यवेक्षण के लिये बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा कम से कम 20 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं संयुक्त संचालक को कम से कम 15-15 आंगनवाड़ी केन्द्रों का अनिवार्य रूप से भ्रमण कर समक्ष में बच्चों के वजन का सत्यापन कराने के निर्देश दिये हैं।




# 1752 विद्यालयों के शैक्षणिक स्तर में होगा सुधार, मनमानी पर लगेगा अंकुश : डीईओ

## आधुनिक स्तर पर होगा विद्यालयों का निरीक्षण, लापरवाह विद्यालय स्टाफ पर गिरेगी कार्रवाई की गाज

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** विगत वर्षो से भी बेहतर वार्षिक परीक्षा का परिणाम लाने हेतु एवं जिले के शैक्षणिक स्तर में सुधार दर्ज कराने की मंशा लिये कलेक्टर के निर्देशन में पूरी तैयारियॉ कर ली गयी हैं। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशन में एक ओर जिले के 1752 शासकीय विद्यालयों में प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है, वहीं कलेक्टर द्वारा विद्यालयों में कार्यरत लगभग 6500 स्टाफ पर पैनी नजर बनाये रखने हेतु टीम गठित कर त्वरित रूप से उचित विधिक कार्रवाई हेतु निर्देशित भी किया गया है। ऐसे में लापरवाह शिक्षक एवं स्टाफ जो कार्य अवधि में कार्यालय में उपस्थित नही रहते हैं, उन पर कार्रवाई की गाज गिरनी लगभग तय मानी जा रही है।





जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रेमलाल मिश्रा ने चर्चा के दौरान बताया कि नवीन शिक्षा सत्र में विद्यार्थियों के सर्वागिंण विकास हेतु पढ़ाई, खेल एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन सुनियोजित ढंग से किया जायेगा। सीधी जिले का मान प्रदेश एवं देश तक पहुॅचाने का सपना लिये खाका तैयार किया गया है, जिसका क्रियान्वयन भी प्रांरभ हो गया है। वहीं मिल रही शिकायतो के आधार पर बताया गया कि शासकीय विद्यालयों में कई लापरवाह शिक्षक कार्य अवधि में भी कार्यस्थल से नदारत रहते हैं या फिर विद्यालय विलंब से पहुॅचते हैं। इन पर अंकुश लगाने की मंशा लिये कलेक्टर 0 सिंह के निर्देशन में टीम गठित की गयी है। जिनके द्वारा समय समय पर औचक निरीक्षण एंव आधुनिक उपकरण की मदद से गुणवत्ता सहित अन्य पहलुओं की जॉच भी की जायेगी साथ ही उचित विधिक कार्रवाई होगी। डॉ.मिश्रा ने बताया कि गठित टीम के सदस्य विद्यालयों में विद्यालय प्रारंभ होने के पहले पहुॅच कर विद्यालय में स्वच्छता, प्रबंधन एवं विद्यालय संचालन की समस्त गतिविधियों का निरीक्षण कर साथ ही वीडियो कॉलिंग एवं अन्य माध्यमों से वरिष्ट अधिकारियों को भी विद्यालय से ही अवगत करेगें। इसके बाद अपने दायित्व निर्वहन में लापरवाही बरतने वाले स्टाफ के विरूद्ध त्वरित रूप से दण्डात्मक कार्रवाई प्रभावी की जायेगी।

### ऐप के माध्यम से उपस्थिती की चल रही तैयारी

राज्य शासन के आदेशानुसार सीधी जिले के शासकीय विद्यालयों में लापरवाहों की मनमानी पर अंकुश लगाने की तैयारियॉ कई स्तर पर चल रही है। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी की निगरानी में टीम गठित हो गयी है साथ ही बायोमेट्रिक, ई अटेंडेंस एवं ऑन लाईन ऐप के माध्यम से कसावट लाकर शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने हेतु कार्ययोजना पर विचार चल रहा है। सूत्रो की माने तो देर से कार्यालय आने वाले एवं मनमर्जी से कार्यालय से गायब हो जाना अधिकतर सरकारी कर्मचारियों की आदत में शुमार है। लेकिन मध्यप्रदेश सरकार अब उनकी इस मनमानी पर अंकुश लगाने जा रही है।। सरकार बायोमेट्रिक फेस से उपस्थिति की व्यवस्था इस बार कड़ाई से लागू करने की तैयारी में जुटी है। यह व्यवस्था मंत्रालय से लेकर नीचे तक सभी विभागों के प्रत्येक कार्यालय में लागू करने की योजना है। सामान्य प्रशासन विभाग हाल में बायोमेट्रिक फेस अटेंडेंस सिस्टम लागू करने के संबंध में निर्देश दे चुका है। विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में दिशा.निर्देश जारी कर कहा गया है कि उन्हें मंत्रालय से लेकर मुख्यालय और जिला से लेकर तहसील कार्यालय तक कर्मचारियों की उपस्थिति की व्यवस्था लागू करनी होगी। इसके लिए आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली उपकरण खरीदे जाएंगे। खास बात यह है कि कर्मचारियों की ईएल और सीएल भी इसी प्रणाली के सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकृति या खारिज की जाएगी। मंत्रालय के कर्मचारियों के स्मार्ट आईडी कार्ड बनाने पर भी विचार किया जा रहा है।

# कोतवाली पुलिस ने नशा विक्रेता को धर दबोचा, 1.40लाख की बनाई जप्ती



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** डॉ रविंद्र वर्मा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकअरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में हो रहे अवैध मादक प्रदार्थो के परिवहन विक्रय के विरूद्ध अभियान चलाकर सीधी के नौजवानो को नशे की गिरफ्त से बाहर लाने के प्रयास में लगातार जारी है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर 17 जून को थाना प्रभारी कोतवाली अभिषेक उपाध्याय को जरिये मुखबिर सूचना मिली की अपाचे मोटर सायकल से शिवम उर्फ शिवेंद्र सेन एवं मन्नत उर्फ राजीव सिंह अवैध कफ सिरफ विक्रय हेतु अमरपुर से सीधी तरफ लेकर आ रहे है। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा अविलम्ब वरिष्ठ अधिकारियो को सूचित किया जाकर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक टीम गठित कर मुखविर के बताये स्थान सैरपुर पुलिया के पास जाकर मोटर सायकल का इंतजार किया गया जहाँ एक अपाचे मोटर सायकल आती दिखाई दी, जिसे हाँथ देकर रोका गया तो मोटर सायकल के पीछे बैठा व्यक्ति आनरेक्स कफ सिरफ मोटर सायकल मे रख कर अँधेरे का फायदा उठाकर भाग गया।

मोटर सायकल चला रहे व्यक्ति को पकड़कर उसका नाम पता पूछा गया एवं उसकी तलाशी ली गई तो एक झोले में अवैध आनरेक्स कफ सिरफ की 50 नग कीमती लगभग 15,000 रूपये मिली जिसके रखने व विक्रय के संबंध में कागजात की मांग की गयी किन्तु किसी तरह के कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नही किया। जिस पर थाना कोतवाली द्वारा आरोपी के विरुद्ध ड्रग कंट्रोल अधिनियम 1949 की धारा 5/13 एवं एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21, 22 के तहत अपराध कायम कर 50 नग आनरेक्स कफसिरफकीमती 15 हजार एवं परिवहन मे प्रयुक्त अपाचे मोटर सायकल कीमती 1 लाख 25 हजार रुपये कुल कीमती 1 लाख 40 हजार जप्त कर विवेचना में लिया गया है तथा फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पृथक से टीम गठित कर लगाया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय, सउनि राजमणि अहिरवार, आरक्षक अक्षय तिवारी, संजय सोलंकी की सराहनीय भूमिका रही।

# विधायक धौहनी ने टीका लगाकर बच्चों का किया विद्यालय में स्वागत

## टंसार में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** पीएम स्कूल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विद्यालय टंसार विकासखण्ड कुसमी मे स्कूल चलें हम अभियान का प्रवेश उत्सव कार्यक्रम विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम के मुख्य आतिथ्य तथा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्यामवती सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। विधायक श्री टेकाम द्वारा कुसमी की शैक्षणिक उपलब्धि के लिए समस्त प्राचार्य, जन शिक्षक, शिक्षकों तथा विभाग के अमले की प्रशंसा की गई तथा 03 वर्ष से अधिक के सभी बच्चों का सर्वे कर व्हीईआर अद्यतन करने, शाला त्यागी, अप्रवेशी बच्चों का चिन्हाकंन कर सभी बच्चों को प्रवेश देने, बच्चों की वास्तविक शैक्षिक स्थिति का आकलन कर बच्चों की वास्तविक शैक्षिक स्थिति अनुसार शैक्षिक कार्य योजना बनाकर अध्यापन करने, शिक्षक, अभिभावक की मासिक बैठक आयोजित करने, अभिभावकों को बच्चों की उपस्थिति, शैक्षिक स्थिति, शासन




से मिलने वाले लाभ की जानकारी देने, बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करने, माताओं की बैठक बुलाकर बच्चों के द्वारा किए गए कार्यों को अवगत कराने, प्रतिदिन प्राथमिक में पांच पन्ना तथा माध्यमिक, माध्यमिक तथा हायर सेकण्ड्री में 8 से 10 पन्ना बोलकर लिखाने हेतु प्रेरित किया गया।

जिला परियोजना समन्वयक राजेश तिवारी द्वारा अपने उद्बोधन में शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि सभी शिक्षक समय से समय तक विद्यालय में रहकर गुणवत्ता युक्त सर्वोन्मुखी शैक्षिक कार्य करें। छात्रों को शासन से मिलने वाले लाभ जैसे पाठ्य पुस्तक, गणवेश, साइकिल, छात्रवृत्ति आदि समय पर उपलब्ध कराने तथा इसकी जानकारी से समय-समय पर उनके अभिभावकों को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। एपीसी सीधी डॉ. सुजीत मिश्र द्वारा कहा गया कि विद्यालय में साप्ताहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करावें तथा प्रयास करें कि सभी बच्चे क्रमशः सहभागिता करें। विद्यालय की साफ-सफाई ,पुताई, रंगाई, पेंट, लेखन, शौचालय की क्रियाशीलता, पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु समझाइए दी गई।

बीआरसीसी कुसमी अंगिरा प्रसाद द्विवेदी द्वारा शैक्षिक सुधार योजना का निर्माण एवं क्रियान्वयन, एफएलएन कक्षाओं का विधिवत संचालन, ऑनलाइन एवं निष्ठा आदि से प्रशिक्षण, स्वयं सिद्ध स्विफ्ट चौट एप से बच्चों का साप्ताहिक असेसमेंट पूरा कराने, नियमित मीनू अनुसार भोजन वितरित कराने हेतु अनुरोध किया गया तथा इस सत्र को शिक्षा गुणवत्ता सत्र के रूप में मनाएं जाने हेतु प्रेरित किया गया।

प्रवेश उत्सव में बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया तथा सभी बच्चों के शाला में प्रवेश पर नाटिका प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम मे भूपाल सिंह उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कुसमी, जिला पंचायत सदस्य हीरावाई सिंह, जनपद सदस्य जमुनी देवी, मोनी प्रजापति, सरपंच टमसार मकरंद सिंह, सरपंच महखोर कैलास गुप्ता, एस डी एम कुसमी एस पी मिश्रा, बी ई ओ कुसमी, थाना प्रभारी कुसमी, नायब तहसीलदार कुसमी, रविचंद दास बीइओ कुसमी, पोंड़ी की मण्डल अध्यक्ष अनीता सिंह, कुसमी विकासखंड के सभी हायर सेकेंड्री तथा हाईस्कूल के प्राचार्य, सभी प्रधानाध्यापक, सभी जनशिक्षक, निपुण प्रोफेशनल विपुल चंद झा, एमआरसी कुसमी द्वय, कुसमी विकासखंड के सभी शिक्षक, अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## बुआई के लिए डीएपी की जगह एनपीके एवं एसएसपी उर्वरक फायदेमंद- उप संचालक कृषि

**सीधी निप्र।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा जिले के किसान भाइयों से अपील की गई है कि धान, उड़द एवं मूंग खरीफफसलों की बुबाई के लिए डीएपी उर्वरक के स्थान पर एनपीके उर्वरक का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि डीएपी में नाईट्रोजन, फास्फोरस तत्व होते है, जबकि एनपीके में नाईट्रोजन, फास्फोरस के साथ पोटाश तत्व भी पाया जाता है जो कि फसल के लिए अति महत्वपूर्ण एवं आवश्यक तत्व है। किसान भाई डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक को बेहतर विकल्प के रूप में खेतों में डालकर अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही एपीएस एवं एसएसपी उर्वरक का भी उपयोग करने की सलाह देते हुये बताया गया कि एपीएस में नाईट्रोजन, फास्फोरस तथा सल्फर तत्व पाये जाते है, जो फसलों के उत्पादन बढ़ाने के लिए अतिआवश्यक है। एसएसपी उर्वरक का उपयोग करने से फास्फोरस 16 प्रतिशत, सल्फर 11 प्रतिशत एवं कैल्सियम 21 प्रतिशत फसलों को प्राप्त होता है, जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ तिलहनी फसलों में तेल की मात्रा बढ़ती है। किसान भाई यह ध्यान रखें कि कम से कम 4-5 इंच वर्षा होने के बाद ही फसलों की सीडड्रिल के माध्यम से बुवाई करें और बुवाई करने से पहले बीजों का बीजोपचार फफूंदनाशक दवा, कीटनाशक एवं नैनो डीएपी से अवश्य करें, ताकि फसलों को बीज जनित एवं मृदा जनित रोगो से बचाया जा सके।

# जागरूकता स्वास्थ्य शिविर आयोजित, किया स्वास्थ्य परीक्षण

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** विश्व सिकल सेल दिवस पर सिकल सेल एनीमिया हेतु जागरूकता कार्यक्रम जिले भर में आयोजित किए गए। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह के मुख्य आतिथ्य तथा कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में अटल आडोटोरियम सीधी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिंडोरी से उपराष्ट्रपति के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में लोगों में सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई तथा मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा लोगों को सिकल सेल एनीमिया के विषय में आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई जे गुप्ता ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया वंशानुगत रक्त विकार के रोग का एक रूप है इसमें लाल रक्त कोशिकाओं का आकार बदल जाता है जो रक्त प्रवाह को अवरुद्ध करती हैं। शुरुआती पहचान और नए उपचारों की बदौलत सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित लगभग आधे लोगों का जीवन बचाया जाना संभव हो पाया है। यह बीमारी पीड़ित लोगों को उनके जैविक माता-पिता से विरासत में मिलती है। इसमें सामान्य लाल रक्त कोशिकाओं को बनाने में मदद करने वाला जीन बदल जाता है।

जिन लोगों को दोनों जैविक माता-पिता से यह जीन विरासत में मिलता है उनमें सिकल सेल एनीमिया होता है जिन लोगों को एक जैविक माता-पिता से यह जीन विरासत में मिलता है उनमें सिकल सेल विशेषता होती है। डॉ गुप्ता ने यह भी बताया कि लोगो में सिकल सेल रोग या सिकल एनीमिया के बिना भी सिकल सेल विशेषता हो सकती है, रक्त परीक्षण करवा कर ही सिकल सेल एनीमिया का पता लगाया जा सकता है।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई जे गुप्ता, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डॉ डीके द्विवेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी तथा नागरिक गण उपस्थित रहे।

# विश्व सिकल सेल रोग जागरूकता दिवस पर रैली के माध्यम से दिया गया संदेश

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिले के विकासखण्ड सिहावल अन्तर्गत विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बमुरी में उजाला संकुल स्तरीय संगठन अन्तर्गत जागृति ग्राम संगठन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शपथ, रैली एवं जांच शिविर का आयोजन कर समूह सदस्यों को एवं उनके परिजनों को सिकल सेल की जांच कराने हेतु प्रेरित किया गया। जनजातीय मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सिकल सेल रोग के उन्मूलन हेतु प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में 0 से 40 वर्ष के आयु वर्ग के लगभग 7 करोड़ लोगों को पूरे देश में जांच और सहयोगात्मक प्रयास किये जाने हेतु एक जन आंदोलन बनाये जाने का प्रयास इस अभियान के तहत किया जा रहा है। उक्त अभियान में म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से संबद्ध पार्वती संकुल स्तरीय संगठन अमलिया, महाशक्ति संकुल स्तरीय संगठन बहरी, रानीकुमारी संकुल स्तरीय संगठन लौआ एवं नवसृजन संकुल स्तरीय संगठन कुचवाही अन्तर्गत गठित ग्राम संगठन एवं उनसे जुडे स्व सहायता समूहों साथ ही साथ लोक अधिकार केन्द्र द्वारा उक्त कार्यक्रम में विविध आयोजन कर सक्रिय भागीदारी निभाई जा रही है।

## कमिश्नर ने की समीक्षा, दियें निर्देश -

# राहत तथा बचाव संबंधी समस्त तैयारियां 25 तक कर लें

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कमिश्नर कार्यालय रीवा में गूगल मीट से रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने बाणसागर परियोजना से जुड़े जिलों में बाढ़ की स्थिति में राहत एवं बचाव तैयारियों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों के अधिकारी बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा करके 25 जून तक राहत एवं बचाव कार्य से जुड़ी तैयारियां पूरी कर लें। बाढ़ की स्थिति में राहत शिविर लगाने के लिये स्थान के चयन से लेकर बचाव दल, राहत के उपकरण, दवाओं, खाद्य सामग्री की आपूर्ति तथा बिजली एवं पानी की व्यवस्था से जुड़ी कार्यवाहियां सुनिश्चित करें। बाढ़ पर नियंत्रण के लिये समय पर सूचनाओं का आदान-प्रदान आवश्यक है। जिला तथा तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण केन्द्र स्थापित करके इनमें प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात कर दें। सूचनाओं का एक दूसरे को लगातार आदान-प्रदान करते रहें। बांधों से पानी छोड़े जाने अथवा लगातार वर्षा की स्थिति में सभी जिले सतत संपर्क में रहें।

कमिश्नर ने कहा कि बाणसागर बांध की अप स्ट्रीम तथा डाउन स्ट्रीम में बाढ़ संभावित क्षेत्र चिन्हांकित हैं। अप स्ट्रीम में मैहर तथा शहडोल जिलों में बांध के जल भराव क्षेत्र में अस्थायी बस्ती बनाकर खेती की जाती है। इन क्षेत्रों से 25 जून तक सभी बस्तियां हटा दें। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लें। बाढ़ से बचाव के लिये व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों को जोड़ें। इस ग्रुप में गांव के कुछ व्यक्तियों तथा पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जैसे मैदानी कर्मचारियों को भी शामिल करें। समय पर सही सूचना मिलने से राहत और बचाव कार्य में आसानी होगी। बाणसागर बांध की डाउन स्ट्रीम में सीधी तथा सिंगरौली जिले के 129 गांव बाढ़ संभावित हैं। आपदा प्रबंधन के लिये संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश पत्र जारी कर दिये गये हैं। इनके अनुरूप कार्यवाही करें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए पर्याप्त दवाएं भण्डारित करा दें। बैठक में आईजी रीवा रेंज एमएस सिकरवार ने कहा कि बाढ़ से बचाव के लिए समय रहते तैयारियां कर ली गईं तो कोई परेशानी नहीं होगी।

# आजीविका मिशन तथा आरसेटी के सहयोग से कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण सम्पन्न

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** विकासखण्ड सिहावल अन्तर्गत उजाला संकुल स्तरीय संगठन से सम्बन्ध जागृति आजीविका ग्राम संगठन बमुरी द्वारा आरसेटी के सहयोग से तेरह दिवसीय कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण बुधवार 19 जून को सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें आरसेटी से रेनू सिंह के अलावा रामनवल प्रजापति प्रमुख प्रशिक्षक जिला मऊ उत्तर प्रदेश द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बमुरी, लदबद, सबैचा एवं बल्हैया की 35 महिला किसान दीदियों ने कृषि से कैसे उद्यमी बनने के गुण सीखे।

उन्होंने प्रमुख रूप से मृदा परीक्षण, वर्मी कम्पोस्ट, हरीखाद, फसल चक्र, बीज उपचार, नरसरी बीज सोधन, बहु स्तरीय खेती इत्यादि बारीकियों को सीखा। प्रशिक्षण के अन्त में सभी प्रतिभागियों की लिखित परीक्षा आयोजित की गई एवं उसके बाद उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया जावेगा।

अखिलेश त्रिपाठी विकासखण्ड प्रबंधक आजीविका मिशन ने कहा कि भारत सरकार का लक्ष्य है 3 करोड़ महिलाओं को आगामी 3 वर्षों में लखपति बनाना है जिसके अन्तर्गत विकासखण्ड सिहावल से 8407 परिवारों की बहनों को लखपति बहना बनाना है। जिसमें आमदनी बढ़ानें के विषय में कृषि का क्षेत्र काफी महत्व का है यह प्रशिक्षण उक्त कार्य हेतु मील का पत्थर साबित होता है।

उक्त प्रशिक्षण देवेश मिश्रा जिला प्रबंधक स्किल एवं आशीष मिश्रा बीसीएफआई आर्गेनिक के संयोजन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अन्त में प्रभा सिंह सचिव द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## खबर का हुआ असर -

# नपा ने चलवाया जेसीबी, नगर के प्रवेश द्वार से हटा गंदगी का अंबार

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** नगर के प्रवेश द्वार जमोड़ी तिराहा पर चारो ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ था। जिसकी सड़न दुर्गंध से ग्रामींणो एवं यहॉ से गुजरने वालों का हाल बेहाल था। विगत दिवस समाचार माध्यम से उक्त समस्या को प्राथमिकता के साथ उजागर कर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया गया था।



जहॉ जिला प्रशासन द्वारा खबर को प्राथमिकता देते हुए एक बार फिर जन समस्याओं से जुड़े मुद्दो पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गंदगी के अंबार पर जेसीबी चलवाते हुए मौजूद कचरे का उचित प्रबंधन कराया गया। जिसके बाद ग्रामींणो ने राहत भरी सांस ली।

आपको बताते चलें कि नगर के प्रवेश द्वार पर नगर से प्रतिदिन निकलने वाला गीला एवं सूखा कचरा यहॉ पर फेंका जा रहा था। जिसका ग्रामींणो के द्वारा महीनो से विरोध दर्ज कराया जा रहा था। जहां.तहां कूड़े.कचरे का अंबार और सड़कों पर बेतरतीब ढंग से पसरी हुई गंदगी सीधी की पहचान बन रही थी।

वहीं मिनी अग्रवाल सीएमओ नगर पालिका परिषद सीधी के द्वारा जन समस्याओं के निवारण की दिशा में कदम उठाते हुए त्वरित रूप से विधिक कार्रवाई कर साफ तौर पर चेताया गया है कि नगर की स्वच्छता से खिलवाड़ करने वाले एवं नगर पालिका प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के विपरीत कार्य करने वालों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# विचार

## फिर आतंकी हमले, कायम हो शांति का उजाला

यह आशंका सच साबित हो रही है कि भाजपा को पूर्ण बहुमत न मिलने पर कश्मीर में आतंकी घटनाएं बढ़ेंगी एवं पाकिस्तान पोषित आतंकवाद फिर से फन उठाने लगेगा। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान बौखलाया है। इसी का परिणाम है लगातार हो रहे आतंकी हमलें। इन हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले चिन्ता का बड़ा कारण बने है। रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। फिर कठुआ व डोडा में हुए आतंकी हमलों में एक जवान और दो आतंकवादी मारे गए हैं। लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर को अशांत करने की कोशिशें तीव्र होते हुए दिख रही है। केन्द्र में गठबंधन वाली मोदी सरकार के सामने यह एक बड़ी चुनौती है। इन आतंकी घटनाओं को केन्द्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन पाकिस्तान यह बड़ी भूल कर रहा है, क्योंकि मोदी सरकार की दृढ़ता एवं साहस को चुनौती देना इतना आसान नहीं है। फिर भी लगातार हुए आतंकी हमले चिंता तो बढ़ा ही रहे हैं। एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाओं का बढ़ना गंभीर हैं, चिन्ताजनक है। मारे गये दो आतंकवादियों के पास से पाकिस्तानी हथियार व सामान की बरामदगी बताती है कि पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू कर रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में शांति एवं अमन को कायम नहीं रहने देंगे। मैंने चुनाव से पूर्व अपनी एक सप्ताह की कश्मीर यात्रा में देखा कि केन्द्र सरकार ने कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार किया है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही है, बल्कि पिछले 10 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। लेकिन वहां विकास एवं शांति स्थापना का ही परिणाम रहा कि चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर लोकतंत्र में अपना विश्वास व्यक्त किया। कहा जा सकता है कि राज्य में लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति-सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है। हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है। जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है।

# समर्थकों की भीड़ के बावजूद तन्हा हैं राहुल गांधी

फ़िरदौस ख़ान

**राहुल गांधी किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। वे देश और राज्यों में सबसे लम्बे अरसे तक हुकूमत करने वाली कांग्रेस के अध्यक्ष रहे हैं। हाल के लोकसभा चुनाव में उन्होंने उत्तर प्रदेश के रायबरेली और केरल के वायनाड लोकसभा क्षेत्र से लाखों मतों से जीत हासिल कर इतिहास रचा है। उन्होंने अपने पुराने लोकसभा क्षेत्र वायनाड छोड़कर रायबरेली से सांसद रहने का फ़ैसला किया है। बहरहाल, उनकी ज़िन्दगी कोई आसान नहीं है। इसमें जितने फूल हैं, उससे कहीं ज़्यादा ख़ार हैं जिनकी चुभन उन्हें हमेशा महसूस होती रहती है। राहुल गांधी एक ऐसे ख़ानदान के वारिस हैं, जिसने देश के लिए अपनी जानें तक क़ुर्बान कर दीं। उनके भारत ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में लाखों-करोड़ों चाहने वाले हैं, लेकिन इस सबके बावजूद वे अकेले खड़े नज़र आते हैं।**



उनके चारों तरफ़ एक ऐसा अनदेखा दायरा है, जिससे वे चाहकर भी बाहर नहीं आ पाते। एक ऐसी दीवार है, जिसे वे तोड़ नहीं पा रहे हैं। वे अपने आसपास बने ख़ोल में घुटन तो महसूस करते हैं, लेकिन उससे निकलने की कोई राह, कोई तरकीब उन्हें नज़र नहीं आती। बचपन से ही उन्हें ऐसा माहौल मिला, जहां अपने-पराये और दोस्त-दुश्मन की पहचान करना बड़ा मुश्किल हो गया था। उनकी दादी इंदिरा गांधी और उनके पिता राजीव गांधी का बेरहमी से क़त्ल कर दिया गया। इन हादसों ने उन्हें वह दर्द दिया, जिसकी ज़रा-सी भी याद उनकी आंखें भिगो देती है। उन्होंने कहा था- उनकी दादी को उन सुरक्षा गार्डों ने मारा, जिनके साथ वे बैडमिंटन खेला करते थे। वैसे राहुल गांधी के दुश्मनों की भी कोई कमी नहीं है। कभी उन्हें जान से मार देने की धमकियां मिलती हैं, तो कभी उनकी गाड़ी पर पत्थर फेंके जाते है। अप्रैल 2018 में उनका जहाज़ क्रैश होते-होते बचा। कर्नाटक के हुबली में उड़ान के दौरान 41 हज़ार फुट की ऊंचाई पर जहाज़ में तकनीकी ख़राबी आ गई और वह आठ हज़ार फ़ुट तक नीचे आ गया। उस वक़्त उन्हें लगा कि जहाज़ गिर जाएगा और उनकी जान नहीं बचेगी। लेकिन न जाने किनकी दुआएं ढाल बनकर खड़ी हो गई और हादसा टल गया। कांग्रेस ने राहुल गांधी के ख़िलाफ़ साज़िश रचने का इल्ज़ाम लगाया था। किसी अनहोनी की आशंका की वजह से ही राहुल गांधी हमेशा सुरक्षाकर्मियों से घिरे रहे हैं, इसलिए उन्हें वह ज़िन्दगी नहीं मिल पाई, जिसे कोई आम इंसान जीता है। बचपन में भी उन्हें गार्डन के एक कोने से दूसरे कोने तक जाने की इजाज़त नहीं थी। खेलते वक़्त भी सुरक्षाकर्मी किसी साये की तरह उनके साथ ही रहा करते थे। वे अपनी ज़िन्दगी जीना चाहते थे, एक आम इंसान की ज़िन्दगी। राहुल गांधी ने एक बार कहा था- अमेरिका में पढ़ाई के बाद मैंने जोखिम उठाया और अपने सुरक्षा गार्डों से निजात पा ली, ताकि इंग्लैंड में आम ज़िन्दगी जी सकूं। लेकिन ऐसा ज़्यादा वक़्त तक नहीं हो पाया और वे फिर से सुरक्षाकर्मियों के घेरे में क़ैद होकर रह गए। हर वक़्त कड़ी सुरक्षा में रहना, किसी भी इंसान को असहज कर देगा, लेकिन उन्होंने इसी माहौल में जीने की आदत डाल ली। ख़ौफ़ के साये में रहने के बावजूद उनका दिल मुहब्बत से सराबोर है। वे एक ऐसे शख़्स हैं, जो अपने दुश्मनों के लिए भी दिल में नफ़रत नहीं रखते। वे कहते हैं- मेरे पिता ने मुझे सिखाया कि नफ़रत पालने वालों के लिए यह जेल होती है। मैं उनका आभार जताता हूं कि उन्होंने मुझे सभी को प्यार और सम्मान करना सिखाया। अपने पिता की सीख को उन्होंने अपनी ज़िन्दगी में ढाला, इसीलिए उन्होंने अपने पिता के क़ातिलों तक को माफ़ कर दिया। उनका कहना है- वजह जो भी हो, मुझे किसी भी तरह की हिंसा पसंद नहीं है। मुझे पता है कि दूसरी तरफ़ होने का मतलब क्या होता है, ऐसे में जब मैं हिंसा देखता हूं चाहे वो किसी के भी साथ हो रही हो, मुझे पता होता है कि इसके पीछे एक इंसान, उसका परिवार और रोते हुए बच्चे हैं। मैं ये समझने के लिए काफ़ी दर्द से होकर गुज़रा हूं। मुझे सच में किसी से नफ़रत करना बेहद मुश्किल लगता है। उन्होंने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ़ तमिल ईलम (लिट्टे) के प्रमुख वेलुपिल्लई प्रभाकरण का ज़िक्र करते हुए कहा था- मुझे याद है जब मैंने टीवी पर प्रभाकरण के मुर्दा जिस्म को ज़मीन पर पड़ा देखा। ये देखकर मेरे मन में दो जज़्बे पैदा हुए। पहला ये कि ये लोग इनकी लाश का इस तरह अपमान क्यों कर रहे हैं और दूसरा मुझे प्रभाकरण और उनके परिवार के लिए बुरा महसूस हुआ। राहुल गांधी एक ऐसी शख़्सियत के मालिक हैं, जिनसे कोई भी मुतासिर हुए बिना नहीं रह सकता। देश के प्रभावशाली राज घराने से होने के बावजूद उनमें ज़र्रा भर भी ग़ुरूर नहीं है। उनकी भाषा में मिठास और अपनापन है, जो सभी को अपनी तरफ़ आकर्षित करता है। वे विनम्र इतने हैं कि अपने विरोधियों के साथ भी सम्मान से पेश आते हैं, भले ही उनके विरोधी उनके लिए कितनी ही तल्ख़ भाषा का इस्तेमाल क्यों न करते रहें. किसी भी हाल में वे अपनी तहज़ीब से पीछे नहीं हटते। उनके कट्टर विरोधी भी कहते हैं कि राहुल गांधी का विरोध करना उनकी पार्टी की नीति का एक अहम हिस्सा है, लेकिन ज़ाती तौर पर वे राहुल गांधी को बहुत पसंद करते हैं। वे ख़ुशमिज़ाज, ईमानदार, मेहनती, क्षमाशील और सकारात्मक सोच वाले हैं। बुज़ुर्ग उन्हें स्नेह करते हैं, उनके सर पर शफ़क़त का हाथ रखते हैं, उन्हें दुआएं देते हैं। वे युवाओं के चहेते हैं। राहुल गांधी अपने विरोधियों का नाम भी सम्मान के साथ लेते हैं, उनके नाम के साथ जी लगाते हैं। सच है कि संस्कार विरासत में मिलते हैं, संस्कार घर से मिला करते हैं। अपने से बड़ों के लिए उनके दिल में सम्मान है, तो बच्चों के लिए प्यार-दुलार है। वे इंसानियत को सर्वोपरि मानते हैं। अपने पिता की ही तरह अपने कट्टर विरोधियों की मदद करने में भी पीछे नहीं रहते।

राहुल गांधी छल और फ़रेब की राजनीति नहीं करते। वे कहते हैं- मैं गांधीजी की सोच से राजनीति करता हूं। अगर कोई मुझसे कहे कि आप झूठ बोल कर राजनीति करो, तो मैं यह नहीं कर सकता। मेरे अंदर ये है ही नहीं। इससे मुझे नुक़सान भी होता है। मैं झूठे वादे नहीं करता। वे ये भी कहते हैं- सत्ता और सच्चाई में फ़र्क़ होता है। ज़रूरी नहीं है, जिसके पास सत्ता है उसके पास सच्चाई है। वे कहते हैं- जब भी मैं किसी देशवासी से मिलता हूं। मुझे सिर्फ़ उसकी भारतीयता दिखाई देती है। मेरे लिए उसकी यही पहचान है। अपने देशवासियों के बीच न मुझे धर्म, ना वर्ग, ना कोई और अंतर दिखता है। कहते हैं कि सच के रास्ते में मुश्किले ज़्यादा आती हैं और राहुल गांधी को भी बेहिसाब मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बचपन से ही उनके विरोधियों ने उनके ख़िलाफ़ साज़िशें रचनी शुरू कर दी थीं। उन पर लगातार ज़ाती हमले किए जाते हैं। इस बात को राहुल गांधी भी बख़ूबी समझते हैं, तभी तो एक बार विदेश जाने से पहले उन्होंने एक्स पर अपने विरोधियों को सम्बोधित करते हुए लिखा था- कुछ दिन के लिए देश से बाहर रहूंगा। भारतीय जनता पार्टी की सोशल मीडिया ट्रोल आर्मी के दोस्तों, ज़्यादा परेशान मत होना. मैं जल्द ही वापस लौटूंगा। राहुल गांधी पर हर तरफ़ से हमले होते ही रहते हैं। उनके खिलाफ़ देशभर में इतने मामले दर्ज हैं कि वे आए दिन किसी न किसी अदालत में पेश होते रहते हैं।

मोदी सरनेम वाले मामले में सूरत की अदालत से दो साल की सज़ा मिलने के बाद 23 मार्च 2023 से उनकी लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई थी। इस पर उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय का रुख़ किया। अदालत ने 4 अगस्त को उन्हें दोषी ठहराए जाने के फ़ैसले पर रोक लगा दी। इसके बाद 7 अगस्त को लोकसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता बहाल कर दी। राहुल गांधी एक नेता हैं, जो पार्टी संगठन को मज़बूत करने के लिए, पार्टी को हुकूमत में लाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, लेकिन उन्हें वह कामयाबी नहीं मिल पा रही है, जो उन्हें मिलनी चाहिए या ये कहें कि जिसके वे हक़दार हैं। शायद वे सियासत के लिए बने ही नहीं हैं। उन्हें तो सियासत में धकेला गया है। बहरहाल वे तमाम अफ़वाहों और अपने ख़िलाफ़ रची जाने वाली तमाम साज़िशों से अकेले ही जूझ रहे है और मुस्कराकर उनका सामना कर रहे हैं।

# भारतीय रिजर्व बैंक को अब ब्याज दरों में कटौती के बारे में गम्भीरता से विचार करना चाहिए

प्रह्लाद सबनानी

भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार 8वीं बार रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं करते हुए इसे 6.50 प्रतिशत पर ही जारी रखा है। हालांकि, हाल ही में, जून 2024 के प्रथम सप्ताह में सम्पन्न हुई मोनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) की बैठक में दो सदस्यों ने रेपो दर को 25 आधार अंको से घटाकर 6.25 प्रतिशत पर नीचे लाने की सिफारिश की थी। अभी तक मोनेटरी पॉलिसी कमेटी द्वारा लिए गए 48 निर्णयों में से 32 निर्णय सर्वसम्मत आधार पर लिए गए हैं और केवल 16 निर्णयों की स्थिति में ही कुछ सदस्यों द्वारा अपनी अलग राय रखी गई है। और, इस बार भी दो सदस्यों की राय अन्य सदस्यों की राय से कुछ भिन्न रही है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत में मुद्रा स्फीति के सम्बंध में भी अपनी राय प्रकट की है और इसके अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुद्रा स्फीति की दर 4.5 प्रतिशत पर बनी रहेगी और इस वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही में मुद्रा स्फीति की दर 4.9 प्रतिशत, द्वितीय तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तृतीय तिमाही में 4.6 प्रतिशत एवं चतुर्थ तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर में खाद्य पदार्थ सामग्री का विशेष योगदान रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। हालांकि, बाजार में खाद्य पदार्थ सामग्री की कीमतें यदि बढ़ती हैं तो इसे ब्याज दर बढ़ाकर अथवा घटाकर प्रभावित नहीं किया जा सकता है क्योंकि खाद्य पदार्थों की कीमतें बाजार में मांग एवं आपूर्ति के आधार पर ही निर्धारित होती हैं। जैसे, सब्जी एवं फलों की आपूर्ति यदि बाजार में कम है और मांग अधिक है तो इन वस्तुओं की कीमतें बाजार में आसमान छूती नजर आती हैं और इन वस्तुओं की बाजार में यदि आपूर्ति बढ़ जाए तो इनकी कीमतें भी कम होने लगती है। अतः ब्याज दरों में वृद्धि अथवा कमी का इन वस्तुओं की कीमतों पर प्रभाव नगण्य सा ही रहता है। कुल मिलाकर, खाद्य पदार्थों की बाजार में आपूर्ति बढ़ाकर ही इन वस्तुओं की मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। और फिर, भारत में मुद्रा स्फीति की दर भी 4.5 प्रतिशत के आसपास ही बनी रही है जो मोनेटरी पॉलिसी में वर्णित 2.5 प्रतिशत से 6.5 प्रतिशत के बीच की सीमा के अंदर ही है। बैंक आफ कनाडा, स्विस बैंक एवं स्वीडिश रिस्कबैंक ने भी पूर्व में ही अपने अपने देशों की ब्याज दरों में कमी करने की सिफारिश की है। अतः क्या अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भी रेपो दर में कमी करने के बारे में विचार नहीं किया जाना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कमी संभवतः अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा फेड दर में कमी को घोषणा के बाद की जाय, क्योंकि यदि भारत रेपो दर में कमी की घोषणा करता है एवं फेडरल रिजर्व फेड दर में कमी नहीं करता है तो इससे अमेरिकी डॉलर के रूप में पूंजी का भारत से पलायन हो सकता है। परंतु, हाल ही के समय में भारतीय अर्थव्यवस्था अपने आंतरिक मजबूती के चलते ही अपने आर्थिक विकास को गति देने में सफल रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था, अन्य देशों के आर्थिक क्षेत्र में हो रहे विभिन्न परिवर्तनों के बावजूद वित्तीय वर्ष 2023-24 में अपने आर्थिक विकास की दर को 8 प्रतिशत से अधिक रखने में




सफल रही है। यदि भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर में कमी करता है तो इससे भारत में उद्योग, कृषि एवं सेवा क्षेत्र को वित्त/पूंजी की उपलब्धता कम ब्याज दरों पर होने लगेगी, इससे इन क्षेत्रों में कार्य कर रही इकाईयों की उत्पादन लागत कम होगी एवं इनकी लाभप्रदता में सुधार होगा। जिससे अंततः इन इकाईयों के विस्तार में आसानी होगी। देश में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित होंने लगेंगे। और फिर, अभी तो भारत के पास 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार भी उपलब्ध है, यदि ब्याज दर कम करने से कुछ विदेशी पूंजी पलायन भारत से अन्य देशों के ओर होता भी है तो (हालांकि इसकी सम्भावना बहुत ही कम है क्योंकि भारत में विदेशी निवेश एवं विदेशी मुद्रा का आंतरिक प्रेषण भी भारी मात्रा में होता दिखाई दे रहा है) यह विदेशी मुद्रा भंडार भारत के आड़े वक्त में काम आएगा। भारत में हाल ही के समय में विभिन्न बैंकों के ऋण में वृद्धि दर 15 से 20 प्रतिशत के बीच बनी हुई है जबकि जमाराशि में वृद्धि दर 10-12 प्रतिशत के बीच बनी हुई है। आज भारत के कई बैंकों का वार्षिक ऋण-जमा अनुपात 100 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है। इससे विभिन्न बैंकों की तरलता पर दबाव बनता हुआ दिखाई दे रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक को विभिन्न बैंकों की तरलता सम्बंधित समस्याओं को हल करने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पड़ेगी। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक ने इस संदर्भ में कई प्रयास करना शुरू भी कर दिए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.20 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। पहिले यह अनुमान 7 प्रतिशत का लगाया गया था परंतु वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 8.20 प्रतिशत की वृद्धि दर को देखते हुए इसमें 20 आधार अंको की वृद्धि की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.3 प्रतिशत, द्वितीय तिमाही में 7.2 प्रतिशत, तृतीय तिमाही में 7.3 प्रतिशत एवं चतुर्थ तिमाही में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। इस वर्ष मानसून भी सामान्य से कुछ अधिक ही रहने की सम्भावना है एवं भारत में 'अल नीनो' के स्थान पर 'ला नीना' का असर होने की प्रबल सम्भावना व्यक्त की गई है। अल नीनो के प्रभाव से सामान्यतः मानसून कमजोर हो जाता है एवं ला नीना के प्रभाव से मानसून मजबूत रहने की सम्भावना बढ़ जाती है। भारत में कृषि क्षेत्र अभी भी मानसून की बारिश पर ही टिका हुआ है, अतः मानसून के दौरान ला नीना के प्रभाव को कृषि क्षेत्र के लिए बहुत अच्छा माना जा रहा है। दूसरे, भारत की अर्थव्यवस्था में मंदिर की अर्थव्यवस्था एवं धार्मिक पर्यटन का सकारात्मक प्रभाव वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी जारी रहेगा।

# शराब पीने के बाद तीन लोगों की मौत

## घर में मिली दो पुरुषों और महिला की लाश, पॉलीथिन में शराब और चखना बरामद



**मीडिया ऑडीटर, कोरबा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में महुआ की जहरीली शराब पीने से महिला समेत 3 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गांव में ही तीनों साथ में बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना करतला थाना क्षेत्र कोटमेर गांव की है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार शाम को गांव के ही वेदराम के घर बैठकर तीनों शराब पी रहे थे। मरने वालों में 50 वर्षीय मालती बाई, 60 वर्षीय राम सिंह और 49 वर्षीय वेदराम शामिल हैं। तीनों अलग-अलग परिवारों के थे।

**मालती का पति बाहर गया था, पड़ोसी के घर में पड़े देखे शव:** पुलिस के मुताबिक मृतका मालती का पति चौतराम कंवर किसी काम से करतला गया हुआ था। वह मंगलवार की शाम घर लौटा, तो घर में उसकी पत्नी मालती नहीं थी। आवाज देने पर भी कोई जबाव नहीं मिला तो वो पड़ोसी राम सिंह के घर पहुंचा। यहां राम सिंह, देवराम और मालती की लाश पड़ी मिली।

**चखना के लिए कटोरी में तली मछली मिली:** मंजर देखकर चौतराम के होश उड़ गए। उसने आनन-फानन में दौड़ते-भागते ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर सीन ऑफक्राइम यूनिट के प्रभारी सत्यजीत सिंह कोसरिसा भी टीम के साथ पहुंचे। मौके पर महुआ शराब का पाउच, खाली गिलास, चखना के लिए कटोरी में तली मछली मिली।

**डॉक्टर बोले- मौत की वजह स्पष्ट नहीं:** कोरबा जिला अस्पताल के डॉ. कोसरिया के मुताबिक मौत का शुरुआती कारण स्पष्ट नहीं है। जहरीली महुआ शराब या जहरीली मछली से जान गई है, यह स्पष्ट नहीं है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का असली कारण पता चल सकेगा।

**पुलिस को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार:** कोरबा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि तीनों की मौत की वजह जहरीली शराब है या जहरीला खाना, अभी इस पर कुछ भी कहना ठीक नहीं है। तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा।

# बस ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

## पति-पत्नी समेत 3 की मौत, 2 गंभीर, परिजनों ने किया चक्काजाम






**मीडिया ऑडीटर, जांजगीर-चांपा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में बस ने दो बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी समेत 3 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 2 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे के बाद घटनास्थल पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया है।

घटना जांजगीर-चांपा जिले के मेहंदी गांव की है। जहां तेज रफ्तार बस ने दो बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी और एक युवक ने मौके पर दम तोड़ दिया। 2 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें बिलासपुर रेफर किया गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही जिला पुलिस टीम मौके पर पहुंची हुई है। मृतक के परिजनों ने मुआवजे कि मांग को लेकर शव को सड़क में रखकर चक्काजाम कर दिया है। जिससे बिलासपुर-रायगढ़ मुख्य मार्ग बाधित हुआ है। फिलहाल, पुलिस टीम की मौके पर तैनात है और स्थिति को काबू में करने की कोशिश कर रही है।

# साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न

## जिले में वृहद वृक्षारोपण करने के दिये निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित की गयी। कलेक्टर ने पेंडिंग प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि कोई भी विभाग में प्रकरण लंबित नहीं होने चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न विभागों में संचालित शासन की योजनाओं का शत प्रतिशत क्रियान्वयन हो। साथ ही ऐसे निर्माण कार्य जो पूर्णता की ओर है, की सूची तैयार कर प्रस्तुत करें। इसके अलावा उन्होंने अन्तर्विभागीय समन्वय वाले मामलों की वस्तुस्थिति से अवगत होकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इसके पहले कलेक्टर ने वन विभाग, राजस्व विभाग, जल जीवन मिशन, रोड निर्माण के लंबित मामलों सहित पेंशन प्रकरण, आदि की विभागवार जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर ने मनेंद्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे जीएडी क्वार्टर बनाने के लिए संयुक्त टीम के माध्यम से परीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने जमीन के लिए मौका जांच कर नक्शा, खसरा, चौहदी तैयार करने के बाद ही जमीन आंबटन की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिससे जल्द-जल्द काम चालू किया जा सके। उन्होंने केल्हारी एवं जनकपुर में बनने वाले हाउसिंग बोर्ड की भी जानकारी ली। मनेंद्रगढ़ का नगर पंचायत बनाने के लिए उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों का वार्डों का भ्रमण जनप्रतिनिधियों की रायशुमारी करने कहा। जिले में जितने भी हितग्राहियों को स्वेच्छानुदान की राशि स्वीकृत हुई है उनका यथाशीघ्र वितरण करने के निर्देश दिये। जिले के शासकीय कार्यालयों तथा खाली स्थानों पर वृहत रूप से प्लान टेंशन करने तथा उनकी निगरानी करने के निर्देश दिये। उन्होंने 21 जून को योग दिवस के अवसर पर सभी जिला अधिकारी एवं कर्मचारियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए कहा।

कलेक्टर ने बैठक में सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य से संबंधित मूलभूत आवश्यक चीजों की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेंटर में मशीन की स्थिति, परिसर व शौचालय की साफ-सफाई के लिये सीएमएचओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही।

# बर्थडे के दूसरे दिन युवक की मौत

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, गाड़ी से उछलकर दूर जाकर गिरा



**मीडिया ऑडीटर, जांजगीर-चांपा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक का 17 जून को ही बर्थडे था। 18 को हादसे में जान चली गई। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के चांगोरी की है।

मिली जानकारी के मुताबिक मृत युवक का नाम अभिजीत मिश्रा (23) है। वह पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था। अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार है।

**बाइक से उछलकर सड़क किनारे जा गिरा:** बताया जा रहा है कि 18 जून की दोपहर 3 बजे लगभग घर से युवक अभिजीत मिश्रा से निकला हुआ था। वह कहां जा रहा था इसकी जानकारी परिजनों को भी नहीं है। रात को घर वापस जा रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने बाइक को सामने से जोरदार ठोकर मारी है, जिससे युवक बाइक से उछलकर सड़क किनारे जा गिरा।

**पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंपा:** युवक के सिर पर गंभीर चोट होने से खून का अधिक बहाव होने पर घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव उठाकर मॉर्च्यूरी भेजा गया है। बुधवार को अकलतरा पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।


# चिरमिरी का उत्थान सुनिश्चित: श्याम बिहारी जायसवाल



**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी निप्र।** स्वास्थ्य मंत्री छ.ग. शासन श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा स्थायी कार्यालय का लोकार्पण किया गया चिरमिरी शहर में हल्दीबाडी चिरमिरी में लोकार्पीत विधायक कार्यालय मे स्थानिय रहनिवासीयो के मुलभुत सुविधाओ कें त्वरित निराकरण हेतु सुव्यस्थित कार्यालय संचालित किया जा रहा है। बीते विधानसभा चुनाव उपरांत कुछ ही समय पश्चात लोकसभा चुनाव हेतु आदर्श आचार सहिंता लागु हो जाने के कारण विधायक कार्यालय के आरंभ होने में बिलंभ हो चुका था। उल्लेखनीय है कि विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के प्रथम कार्यकाल वर्ष 2013 से वर्ष 2018 तक के दौरान भी श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा क्षेत्र की जनता की समस्याओ के निदान हेतु चिरमिरी मनेन्द्रगढ व खडगवां में इसी प्रकार के कार्यालय स्थापित किया गया था। विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के द्वितीय कार्यकाल में आमजनो के विभिन्न समस्याओ के निवारण के लिये स्थानिय कार्यालय की मांग बढती जा रही थी। इसी तारतम्य में बीते दिवस चिरमिरी हल्दीबाडी में क्षेत्रिय विधायक कार्यालय का विधीविधान से पुजा अर्चना कियागया। और लोकार्पण के दौरान श्याम बिहारी जायसवाल ने जानकारी देते हुये बताया कि उक्त के आरंभ का मुख्य उद्देष्य यह कि आमजनो को किन्ही भी समस्या हेतु भटकना न पडे और यह हमारे लिये महत्वपुंर्ण है। कि जनता हमारे पास आकर हम जनता के बीच पहुंचे और उनकी समस्याओ पर समय रहते निदान कराने का प्रयास करेगें। आपके विधायक को राज्य स्तर पर भी राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य मंत्री का दायित्वो का निवर्हन हेतु अथक प्रयास पर इस कार्यालय का विषेश योगदान रहेगा। मैं क्षेत्र में हमेशा उपस्थित न हो पाने की स्थिति में कार्यालय स्टाफ द्वारा आमजनों की समस्या, शिकायत एकत्रित करेगें साथ ही उक्त कार्यालय के सुगम संचालन हेतु एक कार्यालय प्रभारी तथा सह कार्यालय प्रभारी की नियुक्ति की जायेगी। जिनके द्वारा अपने स्तर पर छोटे बडे समस्यो का हल करेगें। साथ ही मेरे द्वारा प्रतिदिन कार्यालय की समस्याओ, आवेदनो का संज्ञान लिया जायेगा। तथा त्वरित रूप से जनता की समस्याओ का निराकरण संपादित किया जायेगा।

# सास-ससुर से अलग रहना पति के साथ क्रूरता

## छोड़ने के बाद भी नहीं बदला वाइफ का व्यवहार, हाईकोर्ट ने पति को माना तलाक का हकदार



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस संजय एस अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने कहा है कि पति को अपने माता-पिता को अलग करने के बाद भी पत्नी का व्यवहार ठीक नहीं है तो यह मानसिक क्रूरता है। डिवीजन बेंच ने एक प्रकरण में माता-पिता से अभद्रता और 10 साल से पति को अलग करने पर तलाक के आवेदन को मंजूर कर लिया है। साथ ही फैमिली कोर्ट के आदेश को खारिज करते हुए पति को तलाक का हकदार माना है।

**बुजुर्ग माता-पिता के साथ अभद्र व्यवहार:** दरअसल, कबीरधाम में रहने वाले व्यक्ति की शादी फरवरी 2002 में वहीं की महिला के साथ हुई थी। शादी के बाद उनकी दो बेटियां हुईं। पति का आरोप है कि पत्नी छोटी- छोटी बातों को लेकर विवाद करती थी। साथ ही बुजुर्ग माता-पिता के साथ अभद्र व्यवहार भी करती थी। वह अपनी मर्जी मनवाने के लिए नाराज होकर पति से दुर्व्यवहार करती थी। इसके बाद में उसने सास- ससुर से अलग रहने के लिए दबाव बनाया। पत्नी के पिता ने सलाह दी कि वे उनके एक मकान में रह सकते हैं। इसके बाद सामाजिक बैठक हुई, इसके बाद वे दिसंबर 2013 से पत्नी और बेटियों के साथ दूसरी जगह रहने लगे। अलग जगह रहने के बाद भी पत्नी का व्यवहार नहीं बदला और वह पहले से ज्यादा मानसिक क्रूरता करने लगी।

**फैमिली कोर्ट ने नहीं सुना तर्क, परिवाद किया खारिज:** पत्नी की इस तरह की हरकतों से परेशान होकर पति ने फैमिली कोर्ट में विवाह विच्छेदन के लिए फैमिली कोर्ट में परिवाद लगाया। इसमें बताया कि वह दिसंबर 2013 से अपनी पत्नी से अलग रह रहा है। इस बीच उसकी पत्नी ने सरकारी नौकरी करने वाले माता-पिता व भाई के खिलाफ थाने में झूठा केस भी दर्ज करा दी थी। फिर भी वह संबंधों का ख्याल रखते हुए सब कुछ सहन करता रहा। लेकिन, उसकी पत्नी अपनी बेटियों को लेकर अलग रह रही है और उनसे मिलने भी नहीं दे रही है। पति की तर्कों को सुने बगैर ही फैमिली कोर्ट ने 15 फरवरी 2016 करे पत्नी की अनुपस्थित रहने के कारण परिवाद को खारिज कर दिया।

**फैमिली कोर्ट के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील:** इसके बाद पति ने फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में अपील की। इसमें कहा कि वह अपनी पत्नी से 10 साल से अलग रह रहा है। उनकी शादी का बंधन टूट गया है। इसे फिर से बहाल करना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में हिंदु विवाह अधिनियम 1955 की धारा 13 के तहत वह तलाक का हकदार है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का भी हवाला दिया गया।

वहीं, पत्नी की तरफसे कोर्ट में कहा गया कि शादी के तत्काल बाद उसके पति और ससुराल वाले दहेज की मांग के कारण मानसिक प्रताड़ना देते थे। बेटी पैदा होने पर ससुराल वालों ने उसके साथ दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया। मारपीट की और उसे ससुराल से निकालने का प्रयास किया गया। जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस संजय एस अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद पति की अपील को मंजूर कर लिया है। साथ ही फैमिली कोर्ट के आदेश को निरस्त करते हुए पति को तलाक पाने का हकदार माना है।

## कूलर बंद करने गई महिला की करंट से मौत

**मीडिया ऑडीटर, जांजगीर-चांपा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में कूलर के करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला कूलर बंद करने बटन दबा रही थी, तभी करंट की चपेट में आ गया। पूरा मामला अकलतरा थाना के पोड़ीदलहा गांव का है। मिली जानकारी के मुताबिक महिला शशि साहू 32 वर्ष की मौत हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

**महिला गिरी को दोबारा उठी नहीं:** बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह शशि साहू (32) सुबह करीबन 7 बजे घर में चल रहे कूलर को बंद करने गई हुई थी। कूलर को बंद करने के दौरान महिला बेहोश होकर गिरी, तो दोबारा नहीं उठी।

**डॉक्टर ने जांच बाद मृत घोषित किया:** परिजनों ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे हुए थे। जहां डॉक्टर ने जांच बाद मृत घोषित किया है।

# पशु तस्कर हुए गिरफ्तार नागपुर चौकी का मामला



**मीडिया ऑडीटर, नागपुर एजेंसी।** जिले भर में पशु तस्करी के मामले काफी समय से सुर्खियों में नजर आ रहे थे, जहां क्षेत्र के विभिन्न जगहों से मवेशियों की तस्करी की जा रही थी, जिस पर जिला एमसीबी पुलिस ने सख्त कार्यवाही को अंजाम देते हुए पशु तस्करों को पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि 17 जून की मध्य रात्रि जिला एमसीबी के नागपुर क्षेत्र के स्थानीय पशु पालक प्रार्थी राजा रामपाल, प्रार्थी प्रभावती कुर्रे और प्रार्थी लालमन यादव के कोठार से अज्ञात चोरों द्वारा उनके पशुओं को चोरी करने की रिपोर्ट थाने में 18 जून दिन मंगलवार सुबह करीब दस बजे प्रार्थी द्वारा दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस चौकी नागपुर द्वारा गंभीरता बरतते हुए तत्काल जांच शुरू कर दी गई, पुलिस टीम गठित कर मुखबिरों को इस संबंध में सुचित किया गया और पतासाजी शुरू कर दी गई, जहां मात्र कुछ ही देर में हाईवे पुलिस चौकी की टीम को सफलता मिली। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डंगौरा रेलवे लाईन के पास चार आरोपियों को पुलिस टीम ने धर दबोचा, जो मवेशियों को हांकते हुए चुरा कर ले जा रहे थे, पुछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुल्म कुबूल किया और बताया कि ग्राम सेमरा से दो मवेशी और ग्राम तुलसीपारा नागपुर से दो मवेशियों को आरोपियों ने चुराया था, और हांकते हुए बाहरी क्षेत्र मनेंद्रगढ़ की ओर ले कर जा रहे थे, जिनमें कुल चार आरोपियों को पुलिस टीम ने पकड़ लिया है, नागपुर पुलिस चौकी प्रभारी दिनेश चौहान ने पानी बात पूरी करते हुए आगे बताया कि इस पूरे मामले का मुख्य आरोपी गोलू मिश्रा निवासी नागपुर मौके से फरार है जिसकी तलाश पुलिस टीम द्वारा लगातार की जा रही है। चारों आरोपी जिनमें शिवचरण पिता सुखई उम्र 55 स्थानीय ग्राम पिपरिया, अर्जुन रवि पिता शिवचरण उम्र 24 वर्ष पिपरिया, करन अगरिया पिता राम प्रसाद उम्र 23 वर्ष जाति लोहार निवासी चिरईपानी बंजी और एक नाबालिग भी शामिल है और पुलिस द्वारा इस पूरे मामले में लगातार छानबीन की जा रही है, बताया गया है कि मुख्य आरोपी भी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# छत्तीसगढ़ में आज अंधड़ और बारिश का यलो अलर्ट

## अधिकतम तापमान घटेगा, 3-4 दिनों में प्रदेश के बाकी हिस्सों में एक्टिव होगा मानसून



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में कुछ दिनों से मानसून की गतिविधियां थम से गई थीं। हालांकि कहीं-कहीं हल्की बारिश होती रही। मंगलवार को रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बलौदबाजार, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (जीपीएम) समेत कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। इसके चलते लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है।

मौसम विभाग के मुताबिक छत्तीसगढ़ के लगभग सभी संभागों के ज्यादातर जिलों में अगले तीन-चार दिनों तक प्री-मानसून की अच्छी बारिश होगी। इस दौरान मानसून के आगे बढ़ने की फेवरेबल कंडीशन बनेगी। तीन से चार दिनों में मानसून के मध्य छत्तीसगढ़ समेत कुछ हिस्सों में सक्रिय होने की संभावना है।

**अगले 24 घंटे में इन जिलों में बारिश के आसार:** मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में आज रायपुर, दुर्ग बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग के जिलों में बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज रायपुर, बलौदा बाजार, गरियाबंद, धमतरी, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, राजनांदगांव, बिलासपुर, पेंड्रा रोड, रायगढ़, मुंगेली, कोरबा और जांजगीर में बारिश की संभावना है।

वहीं, सरगुजा, जशपुर, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, बीजापुर और नारायणपुर जिले में भी हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इस दौरान थंडरस्टॉर्म के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है।

**मध्य छत्तीसगढ़ में मानसून पहुंचने में देरी:** मध्य छत्तीसगढ़ में मानसून पहुंचने में करीब तीन दिन की देरी हो चुकी है। 10 जून तक मानसून के रायपुर पहुंचने की सामान्य तारीख है। अभी यह सुकमा और बीजापुर तक ही सक्रिय हो पाया है। मौसम विभाग कहना है कि बारिश की वजह से अगले 24 घंटे के दौरान राज्य भर में दिन के तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट आएगी। वहीं, रायपुर में भी सुबह हल्के बादल रहेंगे।

**मंगलवार को ऐसा रहा तापमान:** मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे में दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होगी। मंगलवार को रायपुर में दिन का तापमान 40.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 5.6 डिग्री ज्यादा था। वहीं, बिलासपुर में दिन का पारा 41.2 डिग्री, अंबिकापुर में 38.2 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 3.8 डिग्री ज्यादा रहा।

जगदलपुर में दिन का तापमान 36.6 डिग्री रहा, जो औसत से 4.6 डिग्री ज्यादा था। दुर्ग में दिन का पारा 39.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है।

**रायपुर में तेज गर्मी-उमस के बाद रात को बारिश:** मंगलवार को रायपुर में दिन का तापमान करीब 6 डिग्री ज्यादा रहा। जिसके कारण तेज गर्मी और उमस के बाद रात को बारिश हुई। इसके चलते आज आंशिक रूप से बादल छाए रहेगें, हल्की बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक आज शाम-रात में गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने और बारिश होने की संभावना है। आज रायपुर में दिन का तापमान 36 और रात में 28 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

**रायपुर में प्री मानसून की बारिश:** मौसम विभाग के मुताबिक समुद्र से आ रही नमी की मात्रा बढ़ने के कारण राजधानी रायपुर में बारिश की गतिविधियां सक्रिय हुई हैं। मौसम विज्ञानी का कहना है कि रायपुर में अभी मानसून नहीं पहुंचा है, लेकिन जल्द ही पहुंचेगा। मंगलवार को जो बारिश हुई वह प्री मानसून की बारिश है।

**पिछले 24 घंटे के दौरान यहां हुई बारिश:** पिछले 24 घंटे के दौरान सूरजपुर के ओडगी में 30 मिमी बारिश हुई। भैयाथान, नरहरपुर, नगरी में 20 तथा अन्य कई जगहों पर हल्की वर्षा हुई। मंगलवार को दिन में पेंड्रारोड में सबसे ज्यादा 60 मिमी वर्षा हुई। शाम को राजधानी रायपुर, माना एयरपोर्ट, लालपुर सहित कई जगहों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई।

**बिलासपुर में उमस और गर्मी के बीच राहत की बारिश:** बिलासपुर में मंगलवार दोपहर तेज गर्मी और उमस से लोग हलकान रहे। शाम होते ही घने बादलों के बीच राहत की बारिश हुई। इससे मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं, बारिश से शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया। आज भी जिले में बारिश होने की संभावना है।

# हिंद महासागर में कोबाल्ट के पहाड़ पर कब्जे की लड़ाई

## इंटरनेशनल अथॉरिटी ने भारत की याचिका खारिज की; श्रीलंका को मिला तो चीन कर सकता है कब्जा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के सबसे दक्षिणी छोर से 1350 किलोमीटर दूर हिंद महासागर के बीच में मिले कोबाल्ट के पहाड़ पर कई देशों ने दावा किया है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस पहाड़ का नाम अफानासी निकितिन सीमाउंट है। ये भारत के बजाय श्रीलंका के ज्यादा करीब है। भारत और श्रीलंका दोनों इसका खनन करना चाहते हैं।

कोबाल्ट का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक गाड़ियों और बैटरियों में किया जाता है। कोबाल्ट से प्रदूषण कम होता है और ये ज्यादा टिकाऊ होता है। अगर ये पहाड़ भारत को मिल जाता है तो देश को ऊर्जा की जरूरतों के लिए चीन पर कम निर्भर रहना होगा। अलजजीरा ने भारतीय अधिकारियों और विश्लेषकों के हवाले से बताया कि भारत को डर है कि कहीं चीन इस पर अपना कब्जा न कर ले। इसलिए इस पर खनन के लिए भारत ने इसी साल जनवरी में इंटरनेशनल सीबेड अथॉरिटी (आईएसए) से परमिशन मांगी और फी के रूप में 4 करोड़ से ज्यादा रुपए देने का ऑफर भी दिया। हालांकि आईएसए ने भारत के इस ऑफर को नामंजूर कर दिया।

नियमों के मुताबिक अगर किसी देश को समुद्र में कुछ रिसर्च करना होता है तो इसके लिए आईएसए से मंजूरी लेनी होती है खासकर तब जब वो इलाका किसी भी देश के अधीन न आता हो। आईएसए ने अगर भारत को खनन से जुड़ी मंजूरी दी होती तो भारत कोबाल्ट के पहाड़ पर 15 सालों तक रिसर्च कर पाता।

रिपोर्ट के मुताबिक आईएसए से भारत के अलावा एक और देश ने खनन की अनुमति मांगी थी। विवाद से बचने के लिए आईएसएने किसी भी देश को खनन की मंजूरी नहीं दी।

# मेरी बेटियां राजनीति में कभी नहीं आएंगी- बराक ओबामा



**अमेरिकी (एजेंसी)।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि उनकी दोनों बेटियां कभी राजनीति में नहीं आएंगी। उन्होंने शनिवार को लॉस एंजिल्स में राष्ट्रपति जो बाइडेन से जुड़े एक फंड रेजिंग प्रोग्राम में ये बात कही। बराक ओबामा ने कहा कि उनकी पत्नी मिशेल ओबामा नहीं चाहतीं कि उनकी बेटियां इस फील्ड में आए। उन्होंने इसके लिए अपनी बेटियों को मानसिक रूप से तैयार कर दिया है कि राजनीति उनके लिए नहीं है।

बराक और मिशेल ओबामा की 2 बेटियां मालिया (25) और साशा (22) हैं। कार्यक्रम में बराक ओबामा से पूछा गया कि क्या वे अपनी बेटियों को अपने नक्शे-कदम पर चलते हुए देखना चाहेंगे?

इसका जवाब देते हुए बराक ओबामा ने कहा कि इस सवाल का जवाब देने की मुझे जरूरत नहीं है क्योंकि मिशेल ने उन्हें बचपन में ही बता दिया है कि पॉलिटिक्स में जाना एक तरह का पागलपन होगा। इसलिए ऐसा कभी नहीं होगा।



**ओबामा की बेटी ने पिता का नाम छोड़ा:** अपनी मां की सलाह मानते हुए ओबामा फैमिली की दोनों बेटियों ने पॉलिटिक्स से अलग दूसरे क्षेत्रों में अपना करियर तलाशा है। मालिया ओबामा 2021 में हार्वर्ड से ग्रैजुएट होने के बाद फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ गईं। हाल ही में मालिया की शॉर्ट मूवी 'द हार्ट' का सनडांस फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ था।

मालिया इस फिल्म की लेखक और डायरेक्टर है। कुछ महीने पहले मालिया ने अपने पिता का टाइटल अपने नाम से हटा लिया था। अब वे 'मालिया ओबामा' के बदले 'मालिया एन' के नाम से जानी जाती हैं। मालिया की छोटी बहन साशा ने पिछले साल साउथ कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी से सोशियोलॉडी में डिग्री हासिल की है।

अमेरिका की राजनीति में लंबे समय से ये चर्चा है कि मिशेल ओबामा राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार बन सकती हैं। हालांकि मिशेल ने हर बार इस दावे को नकारा है। मिशेल कई बार कह चुकी हैं कि वह पॉलिटिक्स में कभी नहीं आएंगी।

# राहुल गांधी रायबरेली में अपनी सीट बरकार रखने के पीछे हिंदी हार्टलैंड का प्लान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने सोमवार को घोषणा की कि राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के रायबरेली में अपनी सीट बरकरार रखेंगे और केरल के वायनाड से चुनाव लड़ेंगे, जहां से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चुनावी मैदान में उतरेंगी। अगर प्रियंका वायनाड से जीत जाती हैं, जिसे अभी सुरक्षित सीट माना जाता है, तो यह पहली बार होगा जब नेहरू-गांधी परिवार के तीन सदस्य एक ही समय में संसद में होंगे, जिससे पार्टी पर वंशवादी राजनीति करने और सिर्फ एक परिवार को बढ़ावा देने की आलोचना का दौर शुरू हो जाएगा। सोनिया गांधी राज्यसभा की सदस्य हैं। हाल ही में संपन्न संसदीय चुनावों में कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में कुछ सुधार करते हुए छह सीटें जीतीं। रायबरेली को छोड़कर, कांग्रेस ने 2019 में यूपी में सभी सीटें खो दी थीं, जिसमें अमेठी भी शामिल है, जहां राहुल को स्मृति ईरानी ने हराया था। पार्टी 2019 में यूपी में अपने सबसे निचले स्तर पर थी, जब राज्य में उसका वोट शेयर सिर्फ 6.36 प्रतिशत था।

# प्रधानमंत्री बोले- किताबें भले जल जाएं, ज्ञान नहीं मिटता



**नालंदा (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 1749 करोड़ रुपए से बने नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन किया। उन्होंने 21 मिनट तक कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के बाद पहले 10 दिनों में ही नालंदा आने का मौका मिला है। यह मेरा सौभाग्य तो है ही, मैं इसे भारत की विकास यात्रा के एक शुभ संकेत के रूप में देखता हूं। नालंदा केवल एक नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। कार्यक्रम में सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि पुरानी सरकार बात नहीं सुनती थी। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के लिए कई बार उन्होंने अनुरोध किया था। इससे पहले प्रधानमंत्री ने करीब 15 मिनट तक 1600 साल पुराने प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर का दौरा किया। खंडहर में प्रधानमंत्री 10.03 बजे पहुंचे। 10.24 मिनट पर वे वहां से निकल गए।

# दिल्ली में हुई बीजेपी नेताओं के बीच हुई बैठक




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद बीजेपी लगातार विचार कर रही है। मुंबई से लेकर दिल्ली तक बैठक हो रही है। मंगलवार को महाराष्ट्र नेताओं के साथ दिल्ली में बैठक हुई। बताया जाता है कि फडणवीस ने जो इस्तीफे की पेशकश की थी, उसे खारिज कर उन्हें विधानसभा चुनाव पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बोला गया है। उन्हें नवनियुक्त महाराष्ट्र प्रभारी के साथ विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाने को कहा गया है। मंगलवार में दिल्ली में बैठक से पहले उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपनी पार्टी के आला पदाधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने पूरी तैयारी की है। कौन की लोकसभा सीट पर क्यों हारे, इस पर विस्तार से तैयारी कर फडणवीस दिल्ली गए हैं। इससे पहले सोमवार की देर रात तक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ बैठक की। माना जा रहा है कि दोनों के बीच आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा हुई। मंत्रिमंडल विस्तार की भी चर्चा है। बताया जाता है कि दिल्ली की बैठक में शामिल होने के लिए देवेंद्र फडणवीस, पंकजा मुंडे, रावसाहेब दानवे, चंद्रकांत पाटिल, सुधीर मुनगंटीवार एक ही फ्लाइट से मुंबई से दिल्ली गए।

# जीत गए तो खुश, हार गए तो ईवीएम पर मढ़ा दोषः शिंदे



**मुंबई (एजेंसी)।** उत्तर पश्चिम लोकसभा चुनाव क्षेत्र में मचे घमासान के बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना यूबीटी को घेरा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में जिन सीटों पर जीत हुई, वहां खुशी मनाई गई और जहां उद्धव सेना हार गई वहां ईवीएम को दोषी ठहराया जा रहा है। उद्धव ठाकरे का नाम लिए बिना शिंदे ने कहा कि उनके चाल-चलन में बहुत बड़ा फर्क है। सीएम ने कहा कि यह जगजाहिर है कि ईवीएम को हैक नहीं किया जा सकता, फिर भी हो हल्ला मचा रहे हैं। गौरतलब है कि सोमवार को आदित्य ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट पर अमोल कीर्तिकर की हार पर प्रश्न उठाया। आदित्य के साथ-साथ उनकी पार्टी के दूसरे नेताओं ने भी उंगली उठाई। उनके प्रश्नों का उत्तर मंगलवार को मुख्यमंत्री शिंदे ने दिया। उन्होंने उद्धव सेना को सलाह दी कि आरोप लगाने से पहले तथ्यों की जांच कर लें। जब कोई नतीजा उनके पक्ष में आता है, तो चुनाव आयोग अच्छा काम कर रहा है

# बिहार के अररिया में पुल गिरने के मामले में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 2 इंजीनियरों को किया निलंबित

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के अररिया जिले में बकरा नदी पर नवनिर्मित पुल का एक हिस्सा मंगलवार को ढ़ह जाने पर कार्यपालक अभिंयता और कनीय अभियंता को निलंबित कर दिया गया। राज्य के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने बुधवार को कहा, ''अभी वह पुल निर्माण की प्रक्रिया में ही था। पुल का गिरना एक गंभीर अपराध है। वहां कार्यरत कार्यपालक अभियंता और कनीय अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया है। मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों के निहित स्वार्थ के कारण अगर इस तरह से पुल गिरेगा तो सरकारी धन का दुरुपयोग और क्षति होगी। मंत्री ने कहा कि ऐसा जिस किसी अधिकारी या ठेकेदार की लापरवाही वजह से हुआ हो, उन सभी के खिलाफ सरकारी धन के दुरुपयोग को लेकर आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग (आरडब्ल्यूडी) द्वारा 10 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस पुल को लोगों के लिए अभी नहीं खोला गया था।

# अरविंद केजरीवाल को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने तीन जुलाई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ा दी है। केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि बुधवार को समाप्त हो रही थी। इस वजह से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें आज दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश किया। वह इस समय तिहाड़ जेल में हैं। ईडी ने अदालत से केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ाने का आग्रह करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार की विवादास्पद शराब नीति में अनियमिताओं की जांच अभी जारी है और इसके लिए उन्हें न्यायिक हिरासत में रखने की जरूरत है।

दिल्ली सरकार ने विवाद उठने के बाद आबकारी नीति को 2022 में वापस ले लिया था। कोर्ट में सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने हिरासत की अवधि बढ़ाने की ईडी की दलील का विरोध किया। उन्होंने कहा इस दलील में कोई दम नहीं है।

# दिल्ली-भाजपा ने जल संकट को लेकर किया विरोध प्रदर्शन, मुफ्त पानी योजना को बताया ढ़ोग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली ईकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में व्याप्त जल संकट को लेकर बुधवार को शहर में विरोध-मार्च निकाला और सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) की आलोचना की। भाजपा की दिल्ली ईकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एंड्रयूज गंज में हुए प्रदर्शन में शामिल हुए।

इस दौरान उनके साथ नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज भी मौजूद थीं। सचदेवा ने आप सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उसकी मुफ्त पानी योजना एक ढोंग साबित हुई है। उन्होंने कहा, लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। महिलाएं पानी के टैंकरों के इंतजार में रातें गुजार रही हैं, जबकि कई इलाकों में बच्चे पानी की कमी के कारण कई दिनों से नहा नहीं पा रहे हैं।

भाजपा के अन्य सांसदों, विधायकों और पदाधिकारियों ने देश भर के विभिन्न नगरपालिका वार्ड में विरोध-मार्च निकाला। इस बीच, आप नेता और दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने कहा कि शहर में 28 लाख लोगों को पानी की कमी के कारण पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भाजपा शासित हरियाणा से राष्ट्रीय राजधानी में प्रतिदिन 100 मिलियन गैलन (एमजीडी) पानी छोड़े जाने के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है।

# भीषण गर्मी का प्रकोप, नोएडा में 24 घंटे के अंदर अलग-अलग जगहों से मिले 14 शव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर और नोएडा समेत उत्तर और पूर्वी भारत के ज्यादातर इलाकों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। रात में भी सामान्य से अधिक गर्म रहने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। 18 तारीख को दिल्ली में 12 साल में सबसे गर्म रात रही। भीषण गर्मी पड़ने के दौरान नोएडा में अलग-अलग जगहों पर बीते मंगलवार को 14 लोगों की मौत हुई। आशंका जताई जा रही है कि यह मौतें लू और हीट स्ट्रोक के चलते हुई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद ही मौत की वजहों का पता चलेगा। दरअसल, मंगलवार (18 जून) को नोएडा में अलग-अलग स्थानों पर 14 लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

कुछ मृतकों को उनके परिवार और कुछ की मौत होने के बाद पुलिस उन्हें लेकर अस्पताल पहुंची थी। इन मृतकों के शव पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं है। फिलहाल, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारण का पता चलेगा। वहीं, स्वास्थ्य विभाग भी इस मामले पर अपनी नजर बनाए हुए है। नोएडा जिला अस्पताल की सीएमएस रेणु अग्रवाल का बयान सामने आया है। उन्होंने बताया कि कल हमारे यहां 14 ब्रॉड डेड के मामले सामने आए थे। कुछ लोगों को पुलिस लेकर आई थी और कुछ लोगों को उनके परिजन लेकर आए थे। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा। सभी शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। मौसम विभाग ने कहा कि मंगलवार को दिल्ली के निवासियों को पिछले 12 साल की सबसे गर्म रात का सामना करना पड़ा। मंगलवार रात को न्यूनतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं दिन का अधिकतम तापमान भी 44 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने का अनुमान है जो सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक है। दिल्ली में अधिकतम तापमान पिछले कई दिन से लगातार 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है।

# खड़गे ने लोकसभा स्पीकर, राज्यसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस प्रेसिडेंट मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद परिसर में महात्मा गांधी, बीआर अंबेडकर की मूर्तियों को पुरानी जगह लगाने की मांग करते हुए लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने कहा है कि राष्ट्र के नेताओं की प्रतिमाएं मनमाने तरीके से संसद के एक कोने में रखवा दी गई हैं, इससे लोकतंत्र की भावना का उल्लंघन हुआ है। खड़गे ने कहा कि मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि इन प्रतिमाओं को बिना किसी से चर्चा किए मनमानी करते हुए हटाना लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है। यह कहने की जरूरत नहीं है कि महात्मा गांधी, डॉ. बीआर अंबेडकर और अन्य नेताओं की प्रतिमाएं बहुत सोच-विचार करने के बाद संसद में विशेष स्थानों पर लगाई गई थीं। हर प्रतिमा और उसकी लोकेशन का अहम मूल्य और मतलब है। दरअसल राज्यसभा अध्यक्ष और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को संसद परिसर में प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया था। प्रेरणा स्थल में सभी राष्ट्रीय प्रतीकों और स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्तियां एक साथ रखी गई हैं, जो पहले परिसर में अलग-अलग जगह रखी हुई थीं। कांग्रेस ने इस कदम को सरकार की मनमानी बताया था। मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को भी कहा कि परिसर में लगी मूर्तियों को उनकी जगह से हटाकर दूसरी जगह लगाने का फैसला सरकार ने बिना किसी से पूछे लिया है। ऐसा करना संसद के नियमों और परंपराओं के खिलाफ है। यह लोकतंत्र का उल्लंघन है। खड़गे ने कहा कि ध्यानमुद्रा में महात्मा गांधी की प्रतिमा को पुरानी संसद में 2 अक्टूबर 1993 को लगाया गया था। इसका भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में बहुत महत्व है।

## श्रीलंका के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिये हो सकती है श्रेयस अय्यर की वापसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गौतम गंभीर के भारतीय टीम का मुख्य कोच बनने से आईपीएल चैम्पियन कप्तान श्रेयस अय्यर के अंतरराष्ट्रीय कैरियर को नया जीवन मिल सकता है जो जुलाई अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के जरिये वापसी कर सकते हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल खिताब दिलाने वाले श्रेयस को पांच जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये भी चुना जा सकता है लेकिन श्रीलंका के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिये उनके चुने जाने की संभावना अधिक है। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के पद के सबसे प्रबल दावेदार गंभीर आईपीएल में केकेआर के मेंटोर थे। श्रेयस को ईशान किशन के साथ बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया था चूंकि वे रणजी ट्रॉफी खेलने से कतरा रहे थे। श्रेयस ने रणजी फाइनल खेलकर 90 रन बनाये थे। जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच टी20 मैचों की श्रृंखला के लिये टीम का ऐलान अगले सप्ताह होगा। आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कई युवा खिलाड़ी इस समय बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया ,'' श्रेयस इस समय एनसीए में नहीं है। एनसीए में अधिकांश वे क्रिकेटर हैं जिन्होंने आईपीएल में अच्छा खेला और जिम्बाब्वे जा सकते हैं।''

उन्होंने कहा ,'' इनमें अभिषेक शर्मा, रियान पराग, मयंक यादव, हर्षित राणा, नीतिश रेड्डी, विजयकुमार विशाख, यश दयाल शामिल हैं।'' सूत्र ने कहा ,'' ऐसी संभावना है कि श्रेयस श्रीलंका में तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये जा सकता है।

# अफगानिस्तान के खिलाफ फॉर्म में लौटेंगे विराट कोहली!







**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 20 जून यानी गुरुवार से भारतीय टीम का टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर 8 में अभियान शुरू हो रहा है। अफगानिस्तान के खिलाफ टीम बारबाडोस भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से अपना मुकाबला खेलेगी। वहीं अभी तक टूर्नामेंट के लीग स्टेज मुकाबलों में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली का बल्ला शांत रहा।

जिसके बाद फैंस अफगानिस्तान मैच के दौरान उनकी फॉर्म की वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। वहीं अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले विराट कोहली ने जमकर प्रैक्टिस की और पसीना बहाया। कोहली इस दौरान अपने बड़े शॉट्स का जश्न मनाते हुए नजर आए। उन्होंने रिवर्स स्वीप और स्वीप शॉट्स का भी जमकर अभ्यास किया। इसके अलावा उन्होंने स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के खिलाफ भी जमकर अभ्यास किया। नेट अभ्यास के दौरान ही हल्की बारिश होने लगी जिसके बाद पिच को कवर्स कर दिया गया। हालांकि, कोहली कुछ ही देर में लौट गए। उन्होंने बारिश के बीच ही टर्फ पर अभ्यास किया। कोहली ट्रेनिंग सेशन में काफी अग्रेसिव दिखाई दे रहे थे। उन्हें देखकर ही ऐसा लगा कि ये बल्लेबाज सुपर-8 में बल्ले का दम दिखाने के लिए बेताब हैं। इसके अलावा रोहित शर्मा ने भी अभ्यास किया, उन्होंने भी स्पिनर्स के खिलाफ स्वीप और रिवर्स स्वीप शॉट्स का अभ्यास किया। हालांकि, टीम इंडिया के इस ट्रेनिंग सेशन में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत नजर नहीं आए। इसकी वजह भी सामने नहीं आई है। वहीं बाकी खिलाड़ियों ने सेशन में पसीना बहाया। रविंद्र जडेजा, खलील अहमद के अलावा कुछ लोकल गेंदबाज भी नेट सेशन में नजर आए।

## स्पिनरों की मददगार पिच पर उपयोगी हो सकते हैं कुलदीप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज में स्पिनरों की मददगार पिचों पर कुलदीप यादव अफगानिस्तान के खिलाफ बृहस्पतिवार को टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मैच में भारत के लिये उपयोगी साबित हो सकते हैं। भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को लीग चरण में उतारा नहीं गया। भारत ने तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों और दो स्पिनरों अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा को उतारा था ताकि बल्लेबाजी में गहराई रहे। कप्तान रोहित शर्मा चार हरफनमौलाओं (दो तेज गेंदबाज और दो स्पिनर) के इस्तेमाल पर जोर दे चुके हैं। ऐसे में अंतिम एकादश में कुलदीप की जगह तभी बनती है जब तीसरे तेज गेंदबाज को बाहर रखा जाये। कुलदीप ने पहले अभ्यास सत्र की तरह यहां भी काफी अभ्यास किया। उन्होंने रोहित और विराट कोहली को गेंदबाजी की जबकि मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भी देख रहे थे। अगर अभ्यास पिच की तरह ही मुख्य पिच पर गेंद टर्न लेती है तो कुलदीप को उतारा जा सकता है। वैसे आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच यहां लीग मैच में पिच बल्लेबाजों की मददगार थी। भारतीय टीम के सभी 15 खिलाड़ियों ने अभ्यास किया।

# टी20 वर्ल्ड कप में मार्कस स्टोइनिस का बड़ा कमाल, दुनिया के नंबर 1 ऑलराउंडर बनें




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप के बीच ऑस्ट्रेलिया ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने बड़ा कारनामा किया है। दरअसल, वह टी20 फॉर्मेट में दुनिया के नंबर 1 ऑलराउंडर बन गये हैं। टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 राउंड की शुरुआत से पहले स्टोइनिस ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर ये मुकाम हासिल किया। ग्रुप राउंड में स्टोइनिस ने गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया है। स्टोइनिस ने ग्रुप राउंड में ओमान के खिलाफ नाबाद 67 रन बनाए और साथ ही तीन विकेट भी झटके। इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने 30 रन बनाए और एक विकेट झटका। नामीबिया के खिलाफ स्टोइनिस ने केवल 9 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए। वहीं, स्कॉटलैंड के अहम समय पर 59 रन की पारी खेली और अपनी टीम को बड़े उलटफेर से बचाया। स्टोइनिस ने अफगानिस्तान के ऑलाराउंडर मोहम्मद नबी को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। स्टोइनिस अब 213 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पिछड़ गए हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा दूसरे और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन तीसरे स्थान पर पहुंचे गए हैं। वहीं जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा चौथे से पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि भारत के हार्दिक पंड्या भी आठवें से सातवें स्थान पर खिसक गए हैं। गेंदबाजों की बात करें तो आदिल रशीद पहले स्थान पर काबिज हैं। हालांकि, वेस्टइंडीज के अकील हुसैन ने 6 स्थानों की छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। हुसैन ने ग्रुप राउंड के चार मैचों में 9 विकेट झटके हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा दूसरे स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अफगानिस्तान के राशिद खान, साउथ अफ्रीका एनरिक नॉर्खिया भी एक स्थान नीचे आ गए हैं।

## केंसिंग्टन ओवल में गेंदबाज या बल्लेबाज में से किसे मिलेगी मदद?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में सुपर 8 का तीसरा मुकाबला भारत और अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा। इस मुकाबले में दोनों टीमें 20 जून यानी गुरुवार को भारतीय समय अनुसार रात 8 बजे से केनिंग्सटन ओवल, बारबाडोस में भिड़ेंगी। मुकाबले से पहले आपको बताते हैं कि, भारत बनाम अफगानिस्तान मैच के दौरान बारबाडोस की पिच में गेंदबाज या फिर बल्लेबाज किसे मिलेगी सबसे ज्यादा मदद। केनिंग्सटन ओवल, बारबाडोस में अब तक कुल 47 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं जिसमें से 30 रन डिफेंड करने वाली टीम ने जीते हैं। ऐसे में साफ है कि रिकॉर्ड को देखते हुए बारबाडोस में टॉस जीतने वाली टीम पहले बल्लेबाजी करने चाहेगी। यहां पहली इनिंग का औसत स्कोर 138 रन रहा है। हालांकि, टी20 वर्ल्ड कप 2024 में यहां कि पिच बल्लेबाजी के लिए काफी बेहतर नजर आई है। ये भी जान लीजिए इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर 244 रन बना है। बारबाडोस के मैदान पर आखिरी मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच ग्रुप राउंड के दौरान हुआ था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में 201 रन बनाए थे।

**दोनों टीमों का फुल स्क्वॉड**

भारत- रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

अफगानिस्तान- रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जद्रन, नजीबुल्लाह जद्रन, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान (कप्तान), मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन अल हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक, गुलबदीन नैब, करीम जनत, मोहम्मद इशाक, नांगयालिया खरोटे।

## अफगानिस्तान के कोच ट्रॉट को उम्मीद, भारत के खिलाफ किफायती गेंदबाजी करेंगे गेंदबाज

**ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया) (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने कहा कि उनकी टीम को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे टी20 विश्व कप के सुपर आठ के अपने मुकाबले में भारत के खिलाफ दो ओवर में 60 रन नहीं लुटाएं जैसा उन्होंने यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतिम ग्रुप मैच में किया था। अफगानिस्तान को वेस्टइंडीज के खिलाफ 104 रन की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। टीम ने चौथे ओवर में 36 रन लुटाए जबकि 18वें ओवर में 24 रन बने। वेस्टइंडीज ने निकोलस पूरन की 53 गेंद पर 98 रन की पारी की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 218 रन बनाए। मैच से मिली सीख के बारे में पूछे जाने पर ट्रॉट ने कहा, ''अगर हम किसी ओवर की अच्छी शुरुआत नहीं करते हैं, तो उस ओवर को जल्द समाप्त करना होगा। आज हमने दो ओवर में 60 रन दिए और इससे मैच का रुख काफी हद तक बदल गया।'' उन्होंने कहा, ''यह खेल का हिस्सा है और हां, बल्लेबाजी से मैं निराश हूं कि हम लक्ष्य के थोड़ा और करीब नहीं पहुंच पाए।'' एक और पहलू जिसे टीम को बेहतर ढंग से समझने की आवश्यकता होगी वह है हवा की दिशा में शॉट खेलना जिससे कि यह सुनिश्चित हो सके कि बड़े शॉट बाउंड्री के बाहर गिरें। ट्रॉट ने कहा, ''मुझे लगता है कि हमने देखा कि वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों ने हवा का अच्छा उपयोग किया। मेरा मतलब है, हवा लंबी, अधिक लंबी सीमा रेखा की ओर थी लेकिन फिर भी शॉट आसानी से इसके पार गए।


# भारत और जिबावे टी20 सीरीज में किन खिलाड़ियों को मिल सकता है मौका




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में मिले समिति मौकों में बेहतर प्रदर्शन के बाद, संजू सैमसन को टी20 वर्ल्ड कप के बाद भारत और जिम्बाब्वे सीरीज में मौका मिल सकता है। संजू ने अभी तक वर्ल्ड कप में कोई भी मैच नहीं खेला है, एक बार फिर अजीत अगरकर की नजरों में हैं और टीम इंडिया के सात लंबे समय तक खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इनसाइडस्पोर्ट्स की रिपोर्ट के अनुसार, अभिषेक शर्मा, नितीश रेड्डी, रियान पराग और मयंक यादव जैसे खिलाड़ियों को जिम्बाब्वे सीरीज के लिए चुना जा सकता है।

बता दें कि, इन खिलाड़ियों ने इस साल हुए आईपीएल सीजन में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। वहीं टीम के सीनियर खिलाड़ियों विराट कोहली और रोहित शर्मा को आराम दिया जा सकता है। बता दें कि, भारत और जिम्बाब्वे टी20 सीरीज 6 जुलाई से शुरू होगी और टीम की घोषणा अगले सप्ताह होने वाली है। इतना ही नहीं, गौतम गंभीर भी खिलाड़ियों के चनय में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। इनसाइडस्पोर्ट्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई सूत्र ने बताया कि टीम की घोषणा अगले सप्ताह तक की जानी है। लेकिन मुझे नहीं पता कि कब, क्योंकि अजीत अगरकर नए कोच के सात कुछ नामों पर चर्चा कर सकते हैं। अगर नए कोच के चयन में देरी होती है, तो वे अगले सप्ताह किसी भी समय टीम की घोषणा कर सकते हैं। ऋतुराज गायकवाड़, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, नितीश रेड्डी, हर्षित राणा, यश दयाल, खलील अहमद, आवेश खान, मयंक यादव, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, रियान पराग, रजत पाटीदार, प्रभसिमनर सिंह।

# डब्ल्यूवी रमन टीम इंडिया के कोच बनने की रेस में गौतम गंभीर को दे रहे टक्कर






**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम को जल्द ही नया हेड कोच मिलने वाला है। वहीं इस पद की रेस में पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर सबसे आगे चल रहे हैं। बीसीसीआई की क्रिकेट एडवाइजरी कमिटी ने मंगलवार को उनका इंटरव्यू लिया। इसके साथ खबर सामने आई कि डब्ल्यूवी रमन का भी इंटरव्यू लिया गया। जिसके बाद कहा जा रहा है कि, इस पद के लिए गौतम गंभीर को रमन कड़ी टक्कर दे रहे हैं। तो चलिए आपको बताते हैं कि आखिर डब्ल्यूवी रमन कौन हैं? चेन्नई के रहने वाले रमन एक पूर्व भारतीय ओपनर बल्लेबाज हैं। उनका प्रथम श्रेणी करियर 1982 से 1999 तक चला, जहां उन्होंने तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व किया। वे तमिलनाडु के लिए एक बेहतरीन रन स्कोरर थे। उन्होंने 7939 प्रथम श्रेणी रन बनाए।

उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1988-89 के सत्र में आया जब उन्होंने 1018 रन बनाए, जो उस समय का रिकॉर्ड था। इसे अबतक केवल 15 अन्य बल्लेबाजों ने पार किया है। उस पत्र में रमन ने दो दोहरे शतक और एक तिहरा शतक लगाया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रमन की शुरुआत बेहतरीन रही। उन्होंने चेन्नई में अपने घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पहले ही मैच में 83 रन बनाए और एक विकेट भी झटका। 1992 में वे दक्षिण अफ्रीका में वनडे शतक बनाने वाले पहले भारतीय बने। हालांकि, उनका अंतर्राष्ट्रीय करियर केवल 28 मैचों का रहा। उन्होंने 11 टेस्ट में 24.89 के औसत से 448 रन बनाए। 96 उनका सर्वोच्च स्कोर रहा है। उन्होंने 4 अर्धशतक जड़े, 27 वनडे में 23.73 के औसत से 617 रन बनाए। टेस्ट और वनडे दोनों में 2-2 विकेट लिए। वहीं बता दें कि, रमन का अंतरराष्ट्रीय करियर भले ही छोटा रहा हो, लेकिन रमन लंबे समय से भारतीय कोचिंग सर्किट में हैं। तमिलनाडु (2005-2007), बंगाल (2001-02, 2010-13) के कोच बने रहने के अलावा इंडियन प्रीमियर लीग में किंग्स इलेवन पंजाब (2013) के सहायक कोच और केकेआर (2014) के बल्लेबाजी कंसल्टेंट के रूप में काम कर चुके हैं। 2015 से वह एनसीए में बल्लेबाजी कंसल्टेंट के तौर पर काम कर रहे हैं। इसके अलावा रमन अलग-अलग इंडिया ए और दलीप ट्रॉफी और अंडर-19 टीमों के लिए कोच की भूमिका निभा चुके हैं। दिसंबर 2018 में रमन को रमेश पोवार की जगह भारतीय महिला टीम का कोच नियुक्त किया गया था। मई 2021 तक इस पद पर रहे। हालांकि, इस दौरान वह काफी विवादों में भी रहे, जिसके कारण उन्हें पद से हटाया गया था। पद से हटाए जाने के बाद रमन ने तत्कालीन बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली को पत्र लिखकर कहा था कि राष्ट्रीय टीम में प्राइमा डोना कल्चर यानी आत्मदंभी संस्कृति है जिसे बदलने की सख्त जरूरत है।

# केन विलियमसन ने सीमित ओवरों की कप्तानी छोड़ी, राष्ट्रीय अनुबंध ठुकराया



**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप से न्यूजीलैंड के अप्रत्याशित रूप से जल्दी बाहर होने के बाद कप्तान केन विलियमसन ने 2024 . 25 के लिये राष्ट्रीय अनुबंध ठुकरा दिया है और अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर को विस्तार देने के लिये सीमित ओवरों की कप्तानी भी छोड़ दी है। विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा बुधवार को जारी विज्ञप्ति में कहा ,' सभी प्रारूपों में टीम को आगे ले जाना मेरा जुनून रहा है और मैं आगे भी योगदान देते रहना चाहता हूं।'' उन्होंने कहा ,'' लेकिन इस सत्र में विदेश में खेलने के मौकों के कारण मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध नहीं ले सकूंगा।'' न्यूजीलैंड को जनवरी में बहुत कम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना है। दिसंबर 2022 में टेस्ट कप्तानी छोड़ने वाले विलियमसन इस दौरान तीनों प्रारूप खेलने के लिये उपलब्ध होंगे। 33 वर्ष के इस धुरंधर ने कहा ,'' न्यूजीलैंड के लिये खेलना मेरे लिये खास है और टीम के लिये योगदान देने की मेरी ख्वाहिश जस की तस है। क्रिकेट के बाहर मेरी जिंदगी हालांकि बदल गई है। परिवार के साथ अधिक समय बिताना , उनके साथ देश विदेश में अनुभव का लुत्फ उठाना मेरे लिये अधिक महत्वपूर्ण है।'' न्यूजीलैंड टीम को क्रिसमस से पहले आठ टेस्ट खेलने हैं जिनमें भारत दौरा और इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला शामिल है। जनवरी में यूएई आईएलटी20, दक्षिण अफ्रीका की एसए20, आस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग, बांग्लादेश की बीपीएल होने वाली है। इसके बाद फरवरी मार्च में पाकिस्तान में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी होगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध लेने वाले खिलाड़ियों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिये उपलब्ध रहना होगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ स्कॉट वीनिंक ने कहा कि विलियमसन को परिवार समेत दूसरी चीजों के लिये समय निकालने का अधिकार है। उन्होंने कहा ,'' हमें जनवरी में अधिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलना है और उसके अलावा वह न्यूजीलैंड के लिये खेलने के लिये उपलब्ध रहेगा। आम तौर पर हम अपने केंद्रीय अनुबंध को लेकर काफी सख्त रहते हैं लेकिन हमें अपने महानतम बल्लेबाज के लिये यह अपवाद सहर्ष स्वीकार कर सकते हैं।'' विलियमसन ने न्यूजीलैंड के लिये 100 टेस्ट, 165 वनडे और 93 टी20 मैच खेले हैं। वह 2015 और 2019 वनडे विश्व कप और 2021 टी20 विश्व कप फाइनल तक पहुंचने वाली टीम में थे और पहली विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप विजेता टीम के कप्तान रहे। तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन ने भी संकेत दिया है कि वह राष्ट्रीय अनुबंध स्वीकार नहीं करेंगे।

# सिकल सेल एनीमिया के उपचार पर रिसर्च को बढ़ाया जाए : उप राष्ट्रपति

## उप राष्ट्रपति डिंडोरी में सिकल सेल एनीमिया संबंधी जागरूकता तथा रोगियों के लिए परामर्श शिविर में हुए शामिल

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उप राष्ट्रपति भवन में हर्बल पार्क की स्थापना में डिंडोरी का विशेष योगदान होगा। डिंडोरी में जैव विविधिता एवं औषधीय वनस्पति की उपलब्धता को देखते हुए यहां सिकल सेल एनीमिया सहित अन्य बीमारियों के उपचार पर रिसर्च कार्य को तेजी से बढ़ाया जाना चाहिए। जिससे देश और विदेश में डिंडोरी का नाम प्रसिद्ध हो। सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम और जागरूकता के लिए सभी स्तर पर समन्वित प्रयास की आवश्यकता है। शोधकर्ताओं-समाजसेवियों-चिकित्सकों के समन्वित प्रयास से इसे सामाजिक आंदोलन बनाना होगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। उप राष्ट्रपति धनखड़ डिण्डौरी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम विश्व सिकल सेल दिवस-2024 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत किया तथा सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए प्रदेश में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी।






उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय डिण्डौरी में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में राज्यपाल पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उप मुख्यमंत्री शुक्ल, पंचायत एवं ग्रामीण तथा श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और उप राष्ट्रपति धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ उपस्थित थीं। उप राष्ट्रपति का जनजातीय कलाकारों ने परम्परागत नृत्य कर स्वागत किया। उप राष्ट्रपति धनखड़ ने कार्यक्रम स्थल पर पौध-रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष तथा अन्य विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा अनुसार उप राष्ट्रपति धनखड़ को पगड़ी तथा धनखड़ को शॉल व श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उप राष्ट्रपति को गोंडी पेंटिंग भी भेंट की। राज्यपाल पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में सिकल सेल एनीमिया को नियंत्रित करने के लिए प्रदेश में जारी प्रयासों पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

**सिकल सेल उन्मूलन का यज्ञ आरंभ हो चुका है:** उप राष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस आशय की घोषणा जुलाई 2023 में शहडोल जिले से की और राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन-2047 का शुभारंभ किया। सिकल सेल उन्मूलन का यज्ञ आरंभ हो चुका है। हम सब को इसमें योगदान देना है। सिकल सेल एनीमिया जैसी अनुवांशिक बीमारी के उन्मूलन के लिए आयुष्मान भारत योजना में आवश्यक सुधार करना शासन की दूर दृष्टि को दर्शाता है। इस बीमारी के उन्मूलन के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। प्रदेश सरकार इस दिशा में देश में अग्रणी है। डिंडोरी एवं आसपास के जिलों में जैव विविधता और औषधीय वनस्पति का खजाना उपलब्ध है। उप राष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पहली भेंट में ही अपनी प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए कहा था कि प्रदेश से सिकल सेल उन्मूलन एवं जनजातीय विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। मंत्री परिषद की पहली बैठक जबलपुर में करने का निर्णय उनकी जनजातीय विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और लाउडस्पीकरों के उपयोग के संबंध में लिया गया निर्णय उनकी संवेदनशीलता और व्यवहारिकता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश अपने विकास की गति से सबको मोहित करता रहेगा।

**केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए समन्वित प्रयास जारी:** राज्यपाल पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश में जनजातियों की जनसंख्या एक करोड़ 90 लाख है। अब तक लगभग 55 लाख से अधिक व्यक्तियों की जांच की जा चुकी है, इनमें से एक लाख 20 हजार 935 व्यक्ति बीमारी के वाहक हैं अर्थात इनमें सिकल सेल एनीमिया प्रारंभिक स्थिति में है जबकि इस बीमारी के मरीजों की संख्या 18 हजार से अधिक है। यह एक अनुवांशिक रोग है, इससे आने वाली पीढ़ी भी प्रभावित होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र के बजट में बीमारी के निवारण एवं अन्य उपायों के लिये 15 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा समन्वित रूप से सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

**राज्य सरकार जनजातीय क्षेत्र में विकास के लिए प्रतिबद्ध है:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सिकल सेल उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रदेश के प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता के साथ-साथ स्क्रीनिंग, उपचार और दवा वितरण आदि की व्यापक व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। इसी क्रम में मंत्री परिषद की पहली बैठक जबलपुर में आयोजित की गई। क्षेत्र में विकास और जनकल्याण की अनेक गतिविधियां संचालित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिकल सेल उन्मूलन के बारे में जागरूकता फैलाने और इस दिशा में राज्य सरकार को प्रभावी प्रयास करने के लिए प्रेरित करने में राज्यपाल पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## अपर कलेक्टर मैहर ने समय-सीमा की बैठक में दिये निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** अपर कलेक्टर मैहर शैलेंद्र सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में समय-सीमा की बैठक में सीएम हेल्पलाईन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का निराकरण गंभीरता पूर्वक प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में करें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी शिकायतकर्ता से दूरभाष पर चर्चा कर, उनकी समस्याओं को सुने तथा समस्याओं का निराकरण करें। यह कार्य किसी अधीनस्थ कर्मचारी को ना सौंपे। अपर कलेक्टर सिंह ने यह भी निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण संतुष्टिपूर्ण होना चाहिये। बैठक में एसडीएम अमरपाटन आरती यादव, एसडीएम रामनगर डॉ आरती सिंह, नगरीय निकायों के सीएमओ, जनपद पंचायतों के सीईओ एवं विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# राहत तथा बचाव संबंधी समस्त तैयारियां 25 जून तक कर लें : कमिश्नर

## कमिश्नर रीवा डाड ने गूगल मीट से की आपदा प्रबंधन की समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने बुधवार को कमिश्नर कार्यालय रीवा से गूगल मीट के माध्यम से बाणसागर परियोजना से जुड़े जिलों में बाढ़ की स्थिति में राहत एवं बचाव तैयारियों की समीक्षा की। कमिश्नर डाड ने कहा कि सभी जिलों के अधिकारी बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा करके 25 जून तक राहत एवं बचाव कार्य से जुड़ी तैयारियां पूरी कर लें। बाढ़ की स्थिति में राहत शिविर लगाने के लिये स्थान के चयन से लेकर बचाव दल, राहत के उपकरण, दवाओं, खाद्य सामग्री की आपूर्ति तथा बिजली एवं पानी की व्यवस्था से जुड़ी कार्यवाहियां सुनिश्चित करें। बाढ़ पर नियंत्रण के लिये समय पर सूचनाओं का आदान-प्रदान आवश्यक है। जिला तथा तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण केन्द्र स्थापित करके इनमें प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात कर दें। सूचनाओं




का एक दूसरे को लगातार आदान-प्रदान करते रहें। बांधों से पानी छोड़े जाने अथवा लगातार वर्षा की स्थिति में सभी जिले सतत संपर्क में रहें। कमिश्नर ने कहा कि बाणसागर बांध की अप स्ट्रीम तथा डाउन स्ट्रीम में बाढ़ संभावित क्षेत्र चिन्हांकित हैं। अप स्ट्रीम में मैहर तथा शहडोल जिलों में बांध के जल भराव क्षेत्र में अस्थायी बस्ती बनाकर खेती की जाती है। इन क्षेत्रों से 25 जून तक सभी बस्तियां हटा दें। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लें। बाढ़ से बचाव के लिये व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों को जोड़ें। इस ग्रुप में गांव के कुछ व्यक्तियों तथा पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जैसे मैदानी कर्मचारियों को भी शामिल करें। समय पर सही सूचना मिलने से राहत और बचाव कार्य में आसानी होगी। बाणसागर बांध की डाउन स्ट्रीम में सीधी तथा सिंगरौली जिले के 129 गांव बाढ़ संभावित हैं। आपदा प्रबंधन के लिये संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश पत्र जारी कर दिये गये हैं। इनके अनुरूप कार्यवाही करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए पर्याप्त दवाएं भण्डारित करा दें।

बैठक में आईजी रीवा रेंज एमएस सिकरवार ने कहा कि बाढ़ से बचाव के लिए समय रहते तैयारियां कर ली गईं तो कोई परेशानी नहीं होगी। जल संसाधन विभाग, राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारी तत्परता से बाढ़ संबंधी सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। समन्वय के साथ किसी भी स्थिति से निपटने के लिए कार्य योजना बनाएं। आपदा प्रबंधन के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में संभावित बाढ़ प्रभावित गांवों के कुछ आम नागरिकों के भी मोबाइल नम्बर शामिल करें जिससे समय पर गांव में सूचना दी जा सके। सभी कंट्रोल रूम एक दूसरे की सूचनाएं साझा करें।

बैठक में मुख्य अभियंता गंगा कछार अशोक डेहरिया ने बाणसागर बांध के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बांध के जल भराव क्षेत्र में 79 गांव आंशिक रूप से डूब में आते हैं। इन गांवों में ही बाढ़ की समस्या होती है। बांध के पूरे क्षेत्र को 6 जोन में बांट कर जोनल अधिकारी तैनात कर दिये गये हैं। कटनी जिले के 27 गांव तथा उमरिया जिले के 18 गांव बांध के बैक वाटर से प्रभावित होते हैं। बैठक में लोक निर्माण विभाग को अति वर्षा की स्थिति में जलमग्न होने वाले पुल-पुलियों में संकेतक तथा बैरियर लगाने के निर्देश दिये गये। बैठक में डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, अपर कमिश्नर अरूण परमार, तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वर्चुअल माध्यम से कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला तथा मैहर, उमरिया, शहडोल, कटनी एवं सीधी जिलों के पुलिस, राजस्व एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

# जिला चिकित्सालय सतना में विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रतिवर्ष 19 जून को विश्व सिकल सेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष भी 19 जून 2024 को विश्व सिकल सेल दिवस पर जिला चिकित्सालय सतना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिकल सेल एनीमिया के प्रति व्याप्त भ्रांतियों का निराकार कर शासन की महत्वकांक्षी योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार तथा जनसामान्य को बीमारी के सुगम एवं निःशुल्क उपचार की उपलब्धता से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित महापौर नगर निगम सतना योगेश ताम्रकार ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2047 तक इस बीमारी को पूर्ण रुप से समाप्त करना है। इस लक्ष्य






को प्राप्त करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन शुरू किया गया है। इसके साथ ही सरकार द्वारा बीमारी के संबंध में जागरुकता लाने उपचार और परामर्श के कार्यक्रम संचालित किये जा रहें हैं।

सिविल सर्जन डॉ मनोज शुक्ला ने बताया कि सिकल सेल रोग एक आनुवंशिक रोग है जो माता-पिता से बच्चों में फैलता है। यह एक रक्त विकार है जो मानव शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करता है। आदिवासी बाहुल्य इलाकों में सिकलसेल एनीमिया की व्यापकता अधिक है एवं सिकलसेल एनीमिया आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में एक अहम स्वास्थ्य समस्या है। बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए समुदाय स्तर पर स्क्रीनिंग द्वारा रोगी की पहचान कर जेनेटिक काउंसलिंग एवं प्रबंधन करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन सहित अस्पताल के चिकित्सकगण एवं आमजन उपस्थित रहे।

विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर अस्पताल के पीडियाट्रिक कक्ष में सिकल सेल एनीमिया के संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग की गई और उपचार परामर्श प्रदान किया गया। सतना जिले के कार्यक्रम में 276 गर्भवती स्त्रियों एवं 287 अन्य व्यक्तियों की निःशुल्क जांच की गई। जांच में पॉजीटिव पाये गये मरीजों को दवाओं का वितरण किया गया। 14 वाहक मरीजों को जेनेटिक काउंसलिंग की गई।

**मैहर में एकलव्य ऑडीटोरियम में आयोजित हुआ कार्यक्रम:** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर मैहर जिले में सिकल सेल एनीमिया रोग के संबंध जागरुकता कार्यक्रम एकलव्य आदर्श विद्यालय के ऑडीटोरियम में आयोजित हुआ। यहां पर 348 गर्भवती स्त्रियों एवं 605 अन्य व्यक्तियों की निःशुल्क जांच की गई। जांच में पॉजीटिव पाये गये मरीजों को दवाओं का वितरण किया गया। 20 वाहक मरीजों को जेनेटिक काउंसलिंग की गई।

## भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष का बेटा साथी समेत गिरफ्तार

### अड़ीबाजी के आरोपी को भी पुलिस ने पकड़ा




**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** पुराने आपराधिक मामलों में फरार चल रहे भाजपा नेत्री के बेटे को उसके साथी समेत सतना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा एक अड़ीबाज को भी पकड़ कर जेल भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक, कोलगवां थाना पुलिस ने 2021 में हुई एक आपराधिक वारदात के मामले में फरार चल रहे आरोपी शिब्बू यादव उर्फशिवांश यादव पिता दिनेश यादव (22) निवासी कोलगवां और उसके साथी अभिमान उर्फ गोलू यादव पिता चंचल यादव (20) निवासी सिद्धार्थ नगर सतना को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी शिब्बू उर्फ शिवांश भाजपा नेत्री और महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष का बेटा है। उसके खिलाफ जेएमएफसी शिखा रघुवंशी की अदालत से अपराध क्रमांक 2397 /21 में आईपीसी की धारा 341, 294, 327, 329, 506 व 34 के तहत वारंट भी जारी किया गया था।

**अड़ीबाज भी पकड़ाया:** कोलगवां थाना पुलिस ने अड़ीबाजी के मामले में आरोपी पवन सोनी उर्फऋषभ सोनी पिता संतोष सोनी उर्फ लाला (20) निवासी हनुमान नगर नई बस्ती को गिरफ्तार किया है। इसका एक साथी अमित सोनी पहले ही पकड़ा जा चुका है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने सुमित पाठक निवासी नई बस्ती के साथ शराब के पैसों की मांग करते हुए मारपीट की थी।

## धोबहा के जंगल मे मिला नर कंकाल

### 6 दिन से लापता युवक के रूप में हुई पहचान, कंकाल फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना जिले के बरौंधा थाना क्षेत्र में एक नर कंकाल मिला है। पुलिस ने कंकाल को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा है।

बरौंधा थाना क्षेत्र के धोबहा के जंगल मे बुधवार सुबह एक नर कंकाल मिला था। पास में एक पैंट मिला, जिस आधार पर मनोज पिता राजकुमार मवासी (26) निवासी शिवराजपुर के रूप में अभी शिनाख्त हुई है। वह 6 दिन पहले शिवराजपुर से अपने मामा के घर धोबहा जाने के लिए निकला था।

बताया जाता है कि जंगल में सिर्फ हड्डियों का ढेर पड़ा था, शरीर से मांस पूरी तरह गायब था। आशंका जताई जा रही है कि वह जंगली जानवर का शिकार बन गया।

सूचना पर पहुंची बरौंधा थाना पुलिस ने तफ्तीश शुरू कर दी है। कंकाल को फॉरेंसिक जांच के लिए भी भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह का पता लग सकेगा।

## कलेक्ट्रेट गेट के समीप सुलभ कॉम्प्लेक्स लोकार्पित



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सुलभ इंटरनेशनल भोपाल द्वारा निर्मित वार्ड क्रमांक 34 कलेक्ट्रेट सतना में गेट नंबर 2 पर नवनिर्मित सामुदायिक सुलभ कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण महापौर योगेश ताम्रकार ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर अनुराग वर्मा ने की। इस मौके पर अध्यक्ष नगर निगम राजेश चतुर्वेदी, पार्षद गोपी गेलानी, क्षेत्रीय वार्ड पार्षद वार्ड क्रमांक 34 कुसुम बाल्मीक मल्लाह भी उपस्थित रहे। महापौर योगेश ताम्रकार ने बताया कि नगर निगम सतना क्षेत्र में कुल 25 सामुदायिक सुलभ कॉम्प्लेक्स बनाये जा रहे हैं। कलेक्ट्रेट के 24वें कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण किया गया है। गुरुवार को 25वें सुलभ कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण किया जायेगा। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने नगर निगम की टीम को धन्यवाद देते हुये कहा कि कलेक्ट्रेट कैंपस में दूर-दराज के क्षेत्र से कलेक्ट्रेट आने वाले ग्रामीणजनों, शहरी नागरिकों और कचहरी आने वाले लोंगो को प्रसाधन की उचित सुविधा मिल सकेगी।

## कैलीग्रॉफी एण्ड ग्रॉफिक डिजाइन सेंटर के नए बैच में प्रवेश की अंतिम तिथि 21 जून

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग की निगरानी में स्थापित कैलीग्रॉफी एण्ड ग्रॉफिक्स डिजाईन सेंटर'' में वर्ष 2024-26 सत्र के लिये प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। यह कोर्स दो वर्ष का है। पहले वर्ष कैलीग्रॉफी की ट्रेनिंग दी जायेगी तथा दूसरे वर्ष में ग्रॉफिक्स डिजाईन की ट्रेनिंग दी जायेगी।

सेंटर में प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवार अकादमी से प्राप्त निर्धारित फार्म 21 जून, 2024 तक कार्यालय में समय से जमा कर सकते हैं। फार्म सीमित हैं, जो अंतिम तिथि से पूर्व समाप्त हो सकते हैं। उम्मीदवार को कम से कम उर्दू विषय सहित मैट्रिक पास या उसके समकक्ष अदीब, माहिर या अदीब कामिल होना आवश्यक है। उर्दू भाषा का अच्छा ज्ञान हो एवं आयु 15 से 35 वर्ष होना चाहिये, जिसका प्रमाण पत्र लगाना आवश्यक है। प्रवेश एवं ट्रेनिंग की कोई फीस नहीं है। साथ ही ट्रेनिंग से संबंधित सामग्री एवं पुस्तकें सेंटर से निःशुल्क दी जायेंगी।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।